डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 24.03.2025 से 30.03.2025 ► वर्ष-42 ► अंक-13 ► मूल्य ₹ 10.00

## संक्षिप्त खबर

इंदौर-पीथमपुर

### इकॉनोमिक कॉरिडोर के निर्णय पर किसानों ने माना आभार

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का इंदौर-पीथमपुर इकॉनोमिक कॉरिडोर क्षेत्र के किसानों ने विकसित भूमि का 60 प्रतिशत हिस्सा आवंटित करने के राज्य सरकार के निर्णय के लिये आभार व्यक्त किया। किसानों ने सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय के लिये मुख्यमंत्री का सम्मान करना चाहा, जिसे मुख्यमंत्री ने इंदौर गेर में हुए हादसे के कारण विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया। इंदौर-पीथमपुर इकॉनोमिक कॉरिडोर में सरकार द्वारा कुल विकसित भूमि का 60 प्रतिशत हिस्सा किसानों को आवंटित करने के निर्णय से आस-पास के गांवों के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। इसमें कुल 1290.74 हेक्टेयर भूमि का विकास किया जाएगा, जिसमें से किसानों को मुआवजे के बदले विकसित भूमि का 60 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा।

### नगरीय निकायों में स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने का प्रयास

**भोपाल,** मध्यप्रदेश में नगरीय निकायों में हर साल की तरह स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 शुरू हो चुका है। इस साल इसमें देश के 4900 से अधिक शहर स्वच्छता में श्रेष्ठता की दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण मुख्य रूप से जमीनी स्वच्छता के साथ शहरों के स्वच्छता प्रमाणीकरण के लिए किया जा रहा है। प्रमाणीकरण में खुले में शौच से मुक्ति के लिए ओडीएफ, जल के पुन: उपयोग के लिए वॉटर प्लस और कचरा मुक्ति हेतु स्टार रेटिंग प्रमुख हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगरीय निकायों की टीम साल भर काम करती है। इसमें नियमित रूप से सफाई के अलावा, कचरा संग्रह, प्र-संस्करण, अधोसंरचना विस्तार, रख-रखाव और शहरों का सौंदर्यीकरण शामिल है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हस्तक्षेप से यह देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन बन गया है। हर शहर को इसमें शामिल होना और अपनी रैंकिंग में सुधार करना गौरव का अनुभव कराता है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने स्वच्छ सर्वेक्षण के संबंध में मैदानी अमले को निर्देश भी जारी किये हैं। वर्ष 2024 का स्वच्छ सर्वेक्षण अब तक का 9वां सर्वेक्षण है। अपने नियमित योगदान से मध्यप्रदेश शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। वर्ष 2022 में मध्यप्रदेश को देश के सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ प्रदेश का सम्मान प्राप्त हुआ एवं वर्ष 2023 में यह नजदीकी मुकाबले में देश के दूसरे नंबर का बेहतर राज्य घोषित किया गया। मध्यप्रदेश का शहर इंदौर लगातार सात सालों से देश का सबसे स्वच्छ शहर बना हुआ है।

### भीतर के पृष्ठों पर


- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं


(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री ने मालनपुर में एक हजार करोड़ रुपये लागत की एलिक्सर इंडस्ट्रीज की आधुनिक मेगा इकाई का किया भूमि-पूजन

## मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास का जो सपना देखा है चंबल क्षेत्र उसमें सुनहरा अध्याय लिख रहा है - मुख्यमंत्री

- मालनपुर में स्थापित नई इकाई से मिलेगा रोज़गार।
- प्रदेश में रोज़गार, कृषि-आधारित उद्योगों और हरित पर्यावरण को बढ़ावा मिलेगा।
- औद्योगिक इकाइयों के प्रारंभ होने से युवकों को रोज़गार के अवसर होंगे उपलब्ध।
- ग्वालियर रेडीमेड गारमेंट पार्क की 7 एवं मुरैना पिपरसेवा की 11 इकाइयों का भी हुआ भूमि-पूजन।

**भिण्ड,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिण्ड जिले के मालनपुर में एक हजार करोड़ रुपये की लागत से एलिक्सर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की आधुनिक मेगा इकाई का भूमि-पूजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्वालियर रेडीमेड गारमेंट पार्क की 7 इकाइयों और मुरैना जिले के औद्योगिक क्षेत्र पिपरसेवा की 11 इकाइयों का भी भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास का जो सपना देखा है, चंबल क्षेत्र उसमें सुनहरा अध्याय लिख रहा है। चंबल की भूमि उपजाऊ है, कमाऊ है, साथ ही टिकाऊ भी है। चंबल जैसा टिकाऊ जज्बा और कहीं देखने को नहीं मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंबल अब विकास के नाम से पहचाना जाता है। इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सोच और प्रदेश सरकार के संकल्प के कारण अनेक औद्योगिक इकाइयां प्रारंभ हुई हैं। इन औद्योगिक इकाइयों के प्रारंभ होने से बेरोजगार युवकों को रोज़गार उपलब्ध हो रहा है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एलिक्सर इंडस्ट्रीज के शिलान्यास समारोह को सम्बोधित किया।

### युवाओं को रोज़गार उपलब्ध होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिये हर संभव कार्य किया जा रहा है। इन्वेस्टर्स समिट तथा रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव से न केवल देश बल्कि विदेशों से भी इन्वेस्टर्स को आमंत्रित करने का कार्य किया गया है, जिसके सार्थक परिणाम भी परिलक्षित हो रहे हैं। ग्वालियर-चंबल संभाग में भी अनेक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही हैं, जिनके माध्यम से ग्वालियर-चंबल संभाग के युवाओं को बेहतर रोज़गार उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ ही किसानों के हित में भी अनेक निर्णय लिए गए हैं। चंबल-कालीसिंध-पार्वती (पीकेसी) लिंक परियोजना क्षेत्र में खुशहाली लेकर आयेगी। इस परियोजना से चंबल को सर्वाधिक लाभ प्राप्त होगा।

### विकास में नया अध्याय लिखेगी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि चंबल क्षेत्र औद्योगिक रूप से विकसित हो रहा है। यह हम सबके लिये प्रसन्नता की बात है। औद्योगिक विकास से न केवल क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा, बल्कि यहां के युवाओं को बेहतर रोज़गार भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से मालनपुर में एक हजार करोड़ रुपये के निवेश से जो नई इकाई प्रारंभ हो रही है, वह इस क्षेत्र के विकास में नया अध्याय लिखेगी। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग के साथ-साथ सम्पूर्ण प्रदेश में औद्योगिक विकास का बेहतर माहौल बना है, जिसके सार्थक परिणाम हमें सम्पूर्ण प्रदेश में दिखाई दे रहे हैं।

## अनुपूरक बजट का 31 मार्च तक किया जाए समुचित उपयोग

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में कैबिनेट बैठक के पहले मंत्रियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में विभागवार निर्धारित की गई राशि के नियमानुसार और समुचित व्यय के संबंध में सभी मंत्री विभाग स्तर पर विभागीय सचिवों और विभागाध्यक्षों के साथ बैठकें आयोजित करें। इन बैठकों में मदवार स्वीकृत राशि के व्यय और बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में रणनीति भी तैयार करें। साथ ही केन्द्रांश की भी सतत् मॉनिटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न विभागों को कैपिटल मद में अनुपूरक बजट में स्वीकृतियां दी गई हैं। जल संसाधन, लोक निर्माण, नर्मदा घाटी विकास, ऊर्जा, कृषि, नगरीय विकास और आवास, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उच्च शिक्षा, नवकरणीय ऊर्जा, ग्रामीण विकास और खाद्य विभाग द्वारा 31 मार्च तक अनुपूरक बजट में स्वीकृत राशि के नियमानुसार और समुचित रूप से उपयोग की व्यवस्था की जाए। कैपिटल मद में 11 हजार 317 करोड़ रुपये और रेवेन्यू मद में 7 हजार 889 करोड़ रुपये अनुपूरक में स्वीकृत किए गए हैं।

### 30 जून तक चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

मुख्यमंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 का उल्लेख करते हुए कहा कि गुड़ी पड़वा 30 मार्च से 30 जून तक अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन का कार्य किया जाएगा। जलाशयों की सफाई, पौधे लगाने, छोटी नदियों, तालाबों और अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण के कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों में आमजन की भागीदारी भी रहेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में गत वर्ष इस अभियान में लगभग एक हजार करोड़ रुपये की लागत से 38 हजार से अधिक कार्यों का क्रियान्वयन किया गया। इसके अलावा लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से 21 हजार से अधिक जीर्णोद्धार और सुधार कार्य किए गए। गत वर्ष नगरीय क्षेत्रों में भी जल संरचनाओं की कार्य क्षमता में वृद्धि हुई। लगभग 6.40 लाख घन मीटर गाद निकाली गई। जल संचयन में सुधार हुआ। विभिन्न जल संरचनाओं में 30 लाख घन मीटर क्षमतावर्धन में सफलता मिली।

### राज्य का प्रथम कर्तव्य नागरिकों के जीवन में खुशहाली लेकर आये

**भोपाल,** सुख और दुःख मनुष्य के जीवन से उसी तरह जुड़े हैं, जैसे दिन के बाद रात। सुख-दुःख जीवन के अभिन्न अंग हैं। लोक कल्याणकारी राज्य का प्रथम कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों के जीवन में खुशहाली लेकर आये। हमारी सरकार इसी दिशा में कार्य कर रही है। सबका कल्याण ही हमारा मूल लक्ष्य है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आनंद विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल हैप्पीनेस कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्याग, तप, साधना, बलिदान, असंचय, अपरिग्रह और निस्वार्थ सेवा भाव से मन की शांति ही सुख है।

## निवेश संवर्धन के अनुसार औद्योगिक इकाइयों के प्रस्तावों का परीक्षण करें

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में निवेश संवर्धन पर मंत्रिपरिषद समिति की बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर मंत्रीगण और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद निवेश के ठोस प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा निवेश संवर्धन की नई नीतियों के अनुसार औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए संबंधित विभाग प्रस्तावों के आवश्यक परीक्षण का कार्य पूर्ण कर उद्योग स्थापना में सहयोग करें।



### विभिन्न रियायतें प्रदान की जा सकेंगी

मुख्यमंत्री ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत भोपाल में डेटा सेंटर, इंदौर में आईटी इंफ्रा डेवलपर, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के अंतर्गत सिंगरौली में सासन पॉवर लिमिटेड के पुनर्विलोकन अभ्यावेदन के अलावा रतलाम में फेरो अलॉय, भिण्ड में प्लाइबोर्ड, मुरैना और धार में खाद्य प्र-संस्करण, नीमच में सीमेंट सेक्टर और रायसेन में पेपर, प्लास्टिक एंड पैकेजिंग की इकाइयों के प्रस्तावों का परीक्षण करने के निर्देश दिए। इससे इन इकाइयों को राज्य सरकार द्वारा घोषित नई उद्योग संवर्धन नीतियों के प्रावधानों के अंतर्गत विभिन्न रियायतें प्रदान की जा सकेंगी।

### 13 हजार व्यक्तियों को रोज़गार

बैठक में बताया गया कि नवीन प्रस्तावों से लगभग 13 हजार व्यक्तियों को रोज़गार प्राप्ति की संभावनाएं हैं। भोपाल में बड़वई आईटी पार्क प्रारंभ होने से 870 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोज़गार मिलने की संभावना है। सुपर कॉरिडोर इंदौर में आईटी इंफ्रा डेवलपर से लगभग 10 हजार, भिण्ड में प्लाई बोर्ड सेक्टर से 750, मुरैना में खाद्य प्रसंस्करण इकाई से 320, धार जिले में खाद्य प्रसंस्करण इकाई से 549, नीमच जिले में सीमेंट इकाई से 556 लोगों को रोज़गार मिलने की संभावना है। बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप, संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




## 15 मार्च

### समुद्र में आने वाले चक्रवात का पहले से चलेगा पता

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी ने आईआईटी पलक्कड



के साथ मिलकर एक ऐसा समुद्री व्हीकल बनाया है, जो समुद्र के नीचे के पैरामीटर को सही ढंग से जांचने में मदद करेगा। इसकी मदद से समुद्री चक्रवातों का समय से पहले पता लगाया जा सकेगा। इससे जो डेटा मिलेगा उसके आधार पर भविष्य की गतिविधियों का आंकलन किया जा सकेगा। आईआईटी मंडी के असिस्टेंट प्रोफेसर जगदीश ने बताया कि इसे 'हाइब्रिड प्रोपल्शन अंडर वॉटर रोबोटिक व्हीकल' नाम दिया गया है। यह मछली की तरह दिखती है। इस प्रोजेक्ट को पूरी तरह से मेक इन इंडिया के तहत बनाया गया है। ये व्हीकल चार से पांच घंटों तक पानी के अंदर रह सकती है। भविष्य में इसे इस तरह से बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ये समुद्र की अधिक से अधिक गहराई में जा सके और कम से कम एक सप्ताह तक पानी के अंदर ही रहकर सारा डेटा भेजती रहे।

● यूरोप में समुद्र के अंदर विश्व की सबसे लंबी सड़क-रेल टनल आकार लेने लगी है। 'फेहमर्न टनल' नामक यह टनल बाल्टिक सागर में बन रही है। यह डेनमार्क के लोलैंड द्वीप को जर्मनी के फेहमर्न से जोड़ेगी। इसकी लंबाई लगभग 18 किलोमीटर होगी। इसे समुद्र में पानी की सतह से करीब 40 मीटर नीचे बनाया जा रहा है। टनल में समुद्र के नीचे दो-लेन की सड़कें और दो इलेक्ट्रिफाइड रेल लाइनों का जाल बिछाया जाएगा। टनल से दोनों यूरोपीय देश रेल के साथ-साथ सड़क मार्ग से भी जुड़ेंगे। इसके साथ ही यात्रा के समय में भी कमी आएगी।

## 16 मार्च

### इसरो की पहली कोशिश में ही स्पैडेक्स की अनडॉकिंग सफल

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग



एक्सपेरिमेंट) मिशन के तहत दो सैटेलाइट को सफलतापूर्वक अनडॉक या अलग किया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर यह ऐलान किया। उन्होंने एक्स पर यह भी बताया कि यह भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशन जैसे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान-4 और गगनयान के लिए रास्ता साफ करता है। उल्लेखनीय है कि अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट की डॉकिंग कराने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया है। भारत से पहले चीन, अमेरिका और रूस ही ऐसा करने में सफल रहे हैं।

● अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया कि विश्वभर में समुद्र का जल स्तर बहुत तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 30 वर्षों में समुद्र का जल स्तर 10 सेंटीमीटर बढ़ चुका है। नासा के अनुसार वर्ष 2024 में समुद्र का जल स्तर 0.59 सेंटीमीटर बढ़ा। यह पहले लगाए गए अनुमानों से कई अधिक है। जलस्तर बढ़ने का कारण समुद्र का गर्म होना और बर्फ का तेजी से पिघलना बताया जा रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि समुद्र का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे तटीय इलाकों पर रहने वाले लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। नासा ने चेतावनी दी है कि अगर ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन जारी रहा, तो समुद्र का जल स्तर और बढ़ेगा। इसका असर तटीय शहरों और द्वीपों पर पड़ेगा।

## 17 मार्च

### आरबीआई डिजिटल ट्रांसफार्मेशन अवॉर्ड 2025 से हुआ सम्मानित

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) को सेंट्रल बैंकिंग लंदन द्वारा डिजिटल




ट्रांसफॉर्मेशन अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। आरबीआई ने एक्स पर बताया कि आरबीआई को इन-हाउस डेवलपर टीम द्वारा डेवलप किए गए 'प्रवाह' और 'सारथी' सिस्टम सहित अपनी पहलों के लिए सम्मानित और मान्यता दी गई। पुरस्कार समिति ने इस बात पर गौर किया कि दोनों डिजिटल पहलों ने पेपर-बेस्ड सबमिशन के इस्तेमाल को कम किया है, जिससे आरबीआई की आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाओं में बदलाव आया है। सेंट्रल बैंकिंग ने यह भी कहा कि यह दोनों पहल इस काम के लिए महत्वपूर्ण रही हैं। सारथी के साथ आरबीआई के सभी इंटरनल वर्कफ्लो डिजिटल हो गए हैं। जनवरी 2023 में लाइव होने वाली इस पहल के साथ कर्मचारियों को डॉक्यूमेंट्स को सुरक्षित रूप से स्टोर और शेयर करने की सुविधा मिली। साथ ही रिकॉर्ड मैनेजमेंट में भी सुधार हुआ। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का दूसरा चरण मई 2024 में 'प्रवाह' के रूप में शुरू किया गया, जिसने एक्सटर्नल यूजर्स के लिए आरबीआई को विनियामक आवेदन प्रस्तुत करने के लिए एक डिजिटल माध्यम बनाया।

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने जनवरी 2015 से दिसंबर 2024 तक कुल 393 विदेशी सैटेलाइट (उपग्रह) और तीन भारतीय कंज्यूमर के सब-सैटेलाइट को व्यावसायिक रूप से लॉन्च किया। इससे 3800 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा में कमाई हुई। केंद्र सरकार से मिली जानकारी के अनुसार, भारत ने वर्ष 2014 से अब तक 34 देशों के सैटेलाइट लॉन्च किए हैं।

## 18 मार्च

### नीट पीजी परीक्षा 15 जून को दो शिफ्टों में होगी

● राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने नीट पीजी की परीक्षा तिथि की घोषणा कर दी है। नीट पीजी परीक्षा 15 जून को दो चरणों में होगी। यह कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, एनबीईएमएस ने जानकारी दी है कि नीट पीजी 2025 के लिए सूचना बुलेटिन जल्द ही अपनी आधिकारिक वेबसाइट natboard.edu.in पर प्रकाशित किया जाएगा, जिसमें आवेदन तिथि, शुल्क, पात्रता, परीक्षा पैटर्न और अन्य महत्वपूर्ण विवरण होंगे।

● इस वित्त वर्ष में केंद्र सरकार का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13.13 प्रतिशत बढ़कर 21.26 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। एडवांस टैक्स में एक वर्ष में 14.62 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कॉरपोरेट टैक्स श्रेणी के तहत एडवांस टैक्स कलेक्शन 12.54 प्रतिशत बढ़कर 7.57 लाख करोड़ रुपये रहा। उल्लेखनीय है कि आयकर अधिनियम की धारा 208 के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति की अनुमानित कर देयता 10,000 रुपये (टैक्स काटे जाने और टीडीएस-टीसीएस के बाद) से अधिक होने की संभावना है, उसके लिए उस वर्ष एडवांस टैक्स जमा करना अनिवार्य है। इसमें वेतनभोगी कर दाता भी शामिल हैं।

## 19 मार्च

### एनसेट के लिए आवेदन अब 31 मार्च तक

● राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसेट) के लिए




रजिस्ट्रेशन की समय सीमा 31 मार्च तक बढ़ा दी है। एनसेट के लिए आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं। इसके माध्यम से चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) में प्रवेश मिलेगा। यह प्रोग्राम विभिन्न विश्वविद्यालयों, आईआईटी, एनआईटी सहित कई अन्य शिक्षण संस्थानों में संचालित होता है। यह परीक्षा 29 अप्रैल को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट पर आधारित होगी। पूर्व में परीक्षा के लिए आवेदन की तारीख 16 मार्च तक थी।

● आयुष्मान भारत योजना के तहत 68 लाख लोगों के कैंसर का इलाज किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा ने संसद में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनमें से 75.81 प्रतिशत लाभार्थी ग्रामीण इलाकों के हैं। उन्होंने यह भी बताया कि देशभर में 22 नए एम्स में कैंसर के इलाज के लिए सेंटर स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही जनऔषधि स्टोरों और 217 अमृत फार्मेसियों के माध्यम से ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 80 प्रतिशत तक कम कीमत पर जेनेरिक दवाएं बिक रही हैं।

## 20 मार्च

### वैज्ञानिकों ने पहली बार 'प्रकाश को जमा' कर बनाया ठोस

● इटली के वैज्ञानिकों ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने प्रकाश को जमाकर



यह दिखाया है कि यह एक सुपर सॉलिड की तरह व्यवहार कर सकता है। सुपर सॉलिड एक दुर्लभ अवस्था है। इसमें ठोस जैसी संरचना और बिना घर्षण के प्रवाह दोनों होते हैं। वैज्ञानिकों की यह खोज 'नेचर' मैग्जीन में प्रकाशित हुई है। इसमें कहा गया है कि यह खोज कम्प्यूटिंग और ऑप्टिकल तकनीकों में बड़ा बदलाव ला सकती है। सुपर सॉलिड किसी पदार्थ यानी वस्तु की एक विशेष प्रकार की अवस्था है। इसमें ठोस की कठोरता और सुपर फ्लुइड की तरह प्रवाह करने की क्षमता होती है। सीएनआर नैनोटेक के एंटोनियो जियानफेट और यूनिवर्सिटी ऑफ पाविया के डेविडे निग्रों के नेतृत्व में एक टीम ने यह खोज की है। प्रकाश को जमाने के लिए वैज्ञानिकों ने क्वांटम तकनीक का उपयोग किया। क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए यह जरूरी है।

● सरकार ने भीम-यूपीआई से छोटे पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए 1,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि मंजूर की। यह योजना आम लोगों और छोटे व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी दी गई। आधिकारिक सूचना के मुताबिक, इस योजना के तहत कुल मर्चेंट ट्रांजेक्शन का 55 प्रतिशत कवर किया जाएगा। छोटे कारोबारियों के लिए 2,000 रुपये तक के लेनदेन पर 0.15 प्रतिशत प्रोत्साहन दिया जाएगा। योजना के तहत बैंकों द्वारा स्वीकृत दावे का 80 प्रतिशत बिना शर्त निपटारा किया जाएगा। शेष 20 प्रतिशत राशि कुछ शर्तें पूरी होने पर दी जाएगी।

## 21 मार्च

### सीपेट के लिए सीएटी-2025 की परीक्षा आठ जून को होगी आयोजित

● केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीपेट) ने डिप्लोमा



स्तर के पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक छात्र 29 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। सीपेट एडमिशन टेस्ट (सीएटी) 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट www.cipet.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। संस्थान ने स्पष्ट किया है कि किसी अन्य वेबसाइट से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा 8 जून 2025 को होगी, जिसका परिणाम 14 जुलाई 2025 को जारी होगा। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कोई आयु सीमा नहीं है और छात्र सरकारी छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैं। सीपेट केंद्रों के माध्यम से प्लास्टिक और पेट्रोकेमिकल उद्योग के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार किए जाते हैं।

● ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में 1.60 करोड़ वर्ष पुराने मछली के जीवाश्म मिले हैं। ऑस्ट्रेलियन म्यूजियम के पेलियोन्टोलॉजी क्यूरेटर डॉ. मैथ्यू मैकरी ने बताया कि ये जीवाश्म फेरुआस्पिस ब्रॉक्सी नामक प्रजाति के हैं। यह इतनी अच्छी तरह से संरक्षित हैं कि वैज्ञानिक इन मछलियों के अंतिम दिनों की कहानी जानने में सक्षम हुए हैं। ये जीवाश्म मैक्ग्राथ्स फ्लैट साइट पर पाए गए हैं। इनमें मछलियों के पेट की सामग्री और रंग निर्धारण करने वाली कोशिकाओं के निशान शामिल हैं। जीवाश्म में मछलियों की पतली आकृति, हड्डियों और पंखों की स्थिति जैसी बारीकियां देखी गई हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)






वर्ष 42, अंक 13 24.03.2025 से 30.03.2025

रोज़गार और निर्माण

rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# मध्यप्रदेश : जनजातीय समाज के समग्र कल्याण के लिये प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिये निरंतर संकल्पित होकर कार्य कर रही है। यह प्रदेश सरकार की सक्रियता का परिणाम है कि प्रदेश में जनजातीय वर्ग के लिये संचालित विभिन्न योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ उन तक पहुंच पा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश के ऐसे महापुरुषों की गौरव गाथा को स्वर्णिम अक्षरों में लिखने का कार्य जारी है, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति दी। विगत दिनों डिंडोरी जिले में वीरांगना रानी अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण सौगातें दीं। वीरांगना रानी अवंतीबाई के शौर्य और पराक्रम का पुण्य स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वीरांगनाओं और वीरों की धरती है। यहां रानी दुर्गावती, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, देवी अहिल्याबाई, राजा रघुनाथ शाह और कुंवर शंकर शाह जैसे महान व्यक्तित्व जन्में हैं। रानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंतीबाई और राजा रघुनाथ शाह एवं कुंवर शंकर शाह ने अपने सीमित संसाधनों से देश के स्वाभिमान के लिये अंग्रेजी शासन के खिलाफ जमकर लोहा लिया। उन्होंने तात्कालिक समय में कठिन परिस्थितियों में सिर्फ आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति को लेकर समाज को एक नई दिशा दी। रानी अवंतीबाई के चरित्र से हमें सीख मिलती है कि डलहौजी की हड़प नीति के विरोध में उन्होंने अपने शासन की रक्षा की। उनके इस योगदान के कारण लोधी समाज सहित सम्पूर्ण समाज रानी अवंतीबाई को पूजता है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के स्वतंत्रता संग्राम में आहूति देने वाले महान लोगों की गौरव गाथा को स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जा रहा है। ऐसे महापुरुषों की गौरव गाथाओं को समाज की अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जाएगा ताकि भावी पीढ़ी भी महापुरुषों की शौर्य गाथाओं से परिचित हो सके। भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य वीर इस बात के प्रतीक हैं। जनजातीय समाज के लिए बिरसा मुंडा भगवान हैं। उनके जन्मदिन पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। वीरांगना रानी दुर्गावती स्वत्व, स्वाभिमान और स्वराज की प्रतीक हैं। वे पहली ऐसी रानी हैं जिन्होंने राजमहल से निकलकर जंगल में मोर्चा थामा। स्वाधीनता के लिए अंतिम श्वांस तक युद्ध किया। अंत में कटार भोककर आत्मबलिदान किया। वीरांगना रानी दुर्गावती के योगदान को याद करने के लिए जबलपुर में मध्यप्रदेश शासन की पहली कैबिनेट बैठक आयोजित की गयी। जनजातीय गौरव को ध्यान में रखते हुए खरगोन विश्वविद्यालय का नाम क्रांतिसूर्य टंट्या मामा के नाम पर किया गया। मध्यप्रदेश में समाज रक्षा और स्वाधीनता के लिए बलिदान देने वाले जनजातीय नायकों की लम्बी श्रृंखला है। इसमें टंट्या भील, भीमा नायक, खाज्या नायक, रघुनाथ सिंह मण्डलोई, बादल भोई जैसे अग्रणी नायकों के साथ अनगिनत जनजातीय वीरों ने राष्ट्र रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर किए हैं।

जनजातीय समाज के कल्याण के साथ मध्यप्रदेश में सरकार ने किसान, गरीब, युवा और महिलाओं के हित में कई बड़े फैसले लिए हैं। श्रीअन्न (मोटे अनाज) के लिए एक हजार रुपये प्रति क्विंटल, धान के लिए 4 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर, गेहूं के लिए 2600 प्रति क्विंटल राशि हस्तांतरित करने वाले हैं। 10 से ज्यादा गौ-पालन करने के लिए अनुदान दिया जाएगा। इससे गौ-पालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश में औद्योगिकीकरण के लिए लगातार प्रयास जारी है।

## चुनावी प्रक्रिया को सरल, सहज और सुलभ बनाएगी आधार से वोटर कार्ड के लिंक की पहल

लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुचारू रूप से चुनावी प्रक्रिया को संपन्न करवाने में भारतीय निर्वाचन आयोग (इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया) की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राज्यों में विधानसभा चुनाव हो या फिर देश में लोकसभा चुनाव। सभी में चुनाव की घोषणा से लेकर जमीनी स्तर तक पूरी तैयारी को अंतिम रूप देने और परिणाम घोषित करने तक की पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम देने का कार्य चुनाव आयोग का होता है। चुनाव की प्रक्रिया को सरल, सहज और सुलभ बनाने के लिए चुनाव आयोग निरंतर प्रयासरत रहता है। इसी क्रम में अब चुनाव आयोग एक नया नवाचार करने जा रहा है। आयोग ने मतदान के दौरान फर्जी वोटिंग रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब आयोग ने आधार को वोटर कार्ड से जोड़ने का फैसला लिया है। इसे संविधान की धारा 326, आरपी कानून के अनुसार जोड़ा जाएगा। काफी लंबे समय से आधार को वोटर कार्ड से जोड़ने का मामला लंबित था। उल्लेखनीय है कि 10 वर्ष पहले जब चुनाव आयोग ने आधार को वोटर कार्ड से जोड़ने की शुरुआत की थी तो मामला कोर्ट में चला गया था और फिर रोकना पड़ा था।

आयोग के अनुसार कई बार एक ही व्यक्ति के पास अलग-अलग क्षेत्रों में एक से अधिक वोटर आईडी होती हैं। आधार लिंकिंग से ऐसे डुप्लीकेट वोटर कार्ड को हटाया जा सकेगा। यानी एक आदमी सिर्फ एक ही जगह का वोटर रहेगा और वही वोट कर पाएगा। आधार के जुड़ने से चुनाव में बोगस मतदान और फर्जी पहचान से बचाव होगा। आधार बनवाने के लिए वैरिफिकेशन काफी सख्त होता है। कई डॉक्यूमेंट की जरूरत होती है। भविष्य में अगर ई-वोटिंग जैसी सुविधा लागू होती है तो आधार लिंकिंग से सुरक्षित आसान तरीके से मतदान संभव हो पाएगा। क्योंकि इससे आपको एक पासवर्ड या आईडी भेजी जा सकेगी, जो आपके फोन से लिंक होगी और मतदान कर पाएंगे।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

# समय की गति, ऋतु परिवर्तन और सकारात्मक जीवन का संदेश है भारतीय नववर्ष "संवत्सर" में

भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष की एकम् (प्रतिपदा) से आरंभ होता है। अंग्रेजी कैलेण्डर के अनुसार इस वर्ष यह तिथि 30 मार्च को है। नये साल को 'नवसंवत्सर' कहते हैं और नववर्ष के पहले दिन चैत्र शुक्ल पक्ष की एकम् 'गुड़ी पड़वा' के रूप में मनाई जाती है। आधुनिक दुनिया में कालगणना पत्रक को 'कैलेण्डर' और भारतीय परंपरा में 'पंचांग' कहते हैं। समय मापने के पांच आधार होने के आधार पर इसका नाम पंचांग है। वैज्ञानिक पद्धति से समय गणना की यह विश्व की सबसे प्राचीन पद्धति है।

संसार के समस्त प्राणियों का जीवन और सौरमंडल का समय चक्र अंतरिक्ष के ग्रहों की स्थिति से चलता है। कब दिन होगा, कब रात होगी, गर्मी सर्दी और बरसात यह सब ग्रहों की गति पर निर्भर होता है। अंतरिक्ष के ग्रहों की स्थिति का सर्वाधिक अध्ययन भारतीय मनीषियों ने किया है। अपने अनुसंधान के आधार पर अंतरिक्ष के ग्रहों की स्थिति के अनुरूप जीवन शैली का विकास किया है और इसी आधार पर समय चक्र बनाया जिसमें संवत् के नाम और संवत् आरंभ होने की तिथि निर्धारित करके पंचांग को आकार दिया। पंचांग में केवल दिन या तिथि की ही जानकारी नहीं होती, यह पांच तत्वों पर आधारित होता है। दिन, तिथि, नक्षत्र, कर्ण और योग। ये ग्रहों की गति आकलन के सूत्र हैं। इनके आकलन से मौसम बदलने, बरसात होने अथवा सूखा पड़ने के संकेत मिलते हैं। आधुनिक विज्ञान वेधशाला में अध्ययन के बाद सूर्य ग्रहण और चन्द्र ग्रहण की तिथि की घोषणा होती है, लेकिन भारतीय पंचांग में यह अनुमान पहले से दिया होता है। यह भारतीयों के लिये अतिरिक्त गौरव का प्रसंग है कि ग्रहण के लिये पंचांग से निर्धारित समय और वैज्ञानिकों द्वारा घोषित समय में कभी कोई अंतर नहीं आता। इसी अनुसंधान का निष्कर्ष है भारतीय संवत्सर और उसका पहला दिन गुड़ी पड़वा।

भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष एकम् से आरंभ होता है। यह तिथि इस वर्ष 30 मार्च को है। गुड़ी पड़वा से विक्रम संवत् 2082 का और युगाब्द 5127 का आरंभ हो रहा है। भारतीय गणना में प्रत्येक वर्ष का अपना नाम होता है। इस वर्ष संवत्सर का नाम 'कालयुक्त' होगा। भारतीय परंपरा में प्रतिवर्ष का कोई न कोई ग्रह राजा होता है और कोई ग्रह मंत्री। इस वर्ष के राजा सूर्य होंगे और मंत्री का दायित्व भी सूर्यदेव स्वयं संभालेंगे। चैत्र शुक्ल पक्ष एकम् अर्थात् गुड़ी पड़वा सृष्टि के विकास के आरंभ का दिन माना जाता है। सृष्टि के सृजन की तिथि शिवरात्रि है। लेकिन समय और सृष्टि की विकास प्रक्रिया चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से आरंभ होना मानी जाती है। भारत में इस दिन की विशेष महत्ता है। महाभारत काल में सम्राट युधिष्ठिर ने अपने राज्याभिषेक के लिये इसी तिथि का चयन किया था और इसी तिथि को सम्राट विक्रमादित्य का राज्याभिषेक हुआ। इन दोनों तिथियों से दो अलग-अलग कालगणना पंचांग अर्थात् कैलेण्डर आरंभ हुये। सम्राट युधिष्ठिर के राज्याभिषेक से आरंभ नववर्ष गणना अर्थात् 'कैलेण्डर' को 'युगाब्द' और सम्राट विक्रमादित्य के राज्याभिषेक से आरंभ गणना को 'विक्रम संवत्' कहते हैं। युगाब्द संवत् को पंचांग निर्माता तो मान्यता देते हैं पर सरकारी मान्यता नहीं है। सरकारी मान्यता विक्रम संवत् को प्राप्त है। विक्रम संवत् के अतिरिक्त एक अन्य 'शक संवत्' को भी राष्ट्रीय मान्यता है। शक संवत् का आरंभ शालिवाहन काल में शकों से भारत की मुक्ति के साथ आरंभ हुआ था। भारतीय समाज में विक्रम संवत् को अधिक मान्यता है। तीज त्योहारों का निर्धारण विक्रम संवत् के आधार पर तैयार पंचांग से ही होता है। पंचांग में काल गणना की दो विधियां होती हैं। एक चंद्रमा की गति पर आधारित और दूसरी सूर्य की गति पर आधारित। चन्द्र गणना में वर्ष की अवधि 355 दिन होती है। जबकि सूर्य गणना में 365 दिन। शक संवत् में गणना सूर्य आधारित होती है, जबकि विक्रम संवत् आधारित पंचांग में ये दोनों गणनाएं होती हैं। तीज त्योहार और तिथि निर्धारण तो चन्द्र गणना से होता है लेकिन इसे सूर्य की गति से संतुलित कर लिया जाता है। संतुलन के लिये जोड़ी गई अवधि को 'मलमास' कहा जाता है। मलमास की अवधि का निर्धारण बृहस्पति और मंगल की गति से संतुलन समझकर किया जाता है। इस संतुलन की तिथि मकर संक्रांति अर्थात् 14 जनवरी है। इस प्रकार विक्रम संवत् के वर्ष की अवधि भी 365 दिन हो जाती है।

भारतीय नववर्ष पूरे भारत में मनाया जाता है। पर हर क्षेत्र में उसके नाम अलग हैं। कहीं 'गुड़ी पड़वा' तो कहीं 'चैती चांद'। कहीं 'युगादि' तो कहीं 'उगादी'। कहीं 'पड़वो' तो कहीं 'नवरेज' नाम से जाना जाता है। मणिपुर में नववर्ष दिवस को सजिबु नोंगमा पानबा कहते हैं।

### संवत् नाम का निर्धारण और वर्ष माह और दिनों के नाम का अनुसंधान

भारत में किसी तीज त्योहार की परंपरा और उसके नाम यूं ही नहीं होते। उसके पीछे एक दर्शन होता है, अनुसंधान होता है। यह अनुसंधान कालगणना के आरंभ की तिथि चैत्र शुक्ल पक्ष एकम् के निर्धारण के अतिरिक्त संवत्सर नामकरण में भी हुआ है। संवत्सर और माह के नामों के निर्धारण में भाषा विज्ञान, समय और ग्रहों की गति का अनुसंधान है। युगाब्द और विक्रम संवत् के साथ ऐसा नहीं है कि इसका निर्धारण बाद हो लेकिन पूर्व के वर्षों का आकलन करने के लिए इतिहास की किसी महत्वपूर्ण तिथि से लागू हुआ हो। जैसा ग्रेगोरियन कैलेण्डर की रचना में हुआ। इस कैलेण्डर का निर्माण तो सत्रहवीं शताब्दी में हुआ था, लेकिन इसे ईसा मसीह की तिथि का आकलन करके लगभग सोलह सौ वर्ष पूर्व की तिथि से लागू किया गया। जबकि भारतीय कालगणना युगाब्द, विक्रम संवत् और शक संवत् तीनों पहले दिन से ही पूर्ण आकलन के साथ लागू हुये हैं। यूरोप में जब अपने पुराने कैलेण्डरों में सुधार करके समय की गति के अनुरूप सटीक कैलेण्डर बनाये जा रहे थे तब तो भारत में समय की गति को पत्थरों पर उकेरा जाने लगा था। इसे जयपुर, उज्जैन की वेधशालाओं और दिल्ली के जंतर मंतर से समझा सकता है।

### गुड़ी पड़वा का अर्थ मनाने का तरीका

भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का दिन उत्सव मनाने का नहीं होता। यह पूरे वर्ष आने वाली चुनौतियों और ऋतु परिवर्तन के अनुरूप स्वयं को सक्षम बनाने का होता है। गुड़ी पड़वा को सूर्योदय के पूर्व उठना, नदी, झरना आदि बहते हुये जल स्रोत पर जाना, स्नान करके ऊगते सूर्य को अर्घ्य देना, घर आकर नीम की कौपलों को पीसकर उसकी गोलियां बनाना और खाना। यह आरोग्य के लिये सर्वोत्तम उपाय है। ऐसी गोलियां पालतू पशुओं को भी दी जाती हैं। घर के बाहर भगवा रंग का एक छोटा ध्वज फहराया जाता है। यह माना जाता है कि सृष्टि के आरंभ के लिये जब अंधकार को चीरकर प्रकाश की पहली किरण उत्पन्न हुई वह पहली प्रकाश किरण भगवा रंग की थी। इसे प्रातःकालीन सूर्योदय से पूर्व उषाकाल में सूर्य की आभा से समझ सकते हैं। तब सूर्य पर भगवा रंग की ही आभा होती है। उसी के प्रतीक के रूप में गुड़ी पड़वा को भगवा ध्वज फहराया जाता है। गुड़ी का एक अर्थ ध्वज भी होता है।

इसी तिथि से चैत्र नवरात्र आरंभ होते हैं। यह बसंत और ग्रीष्म ऋतु के संगम की अवधि है। आयुर्वेद की दृष्टि से नवरात्र के नौ दिन कायाकल्प की अवधि होती है। यदि आयुर्वेद के अनुसार नवरात्र में कायाकल्प नियम का पालन किया जाये, तो शरीर में बीमारियों के बचाव के लिये 'इम्युनिटी' बढ़ती है। पहले तीन दिन धीरे-धीरे आहार कम करना अथवा फलाहार लेना। चौथे दिन निराहार रहना, फिर फलाहार और धीरे-धीरे पूर्ण आहार की ओर बढ़ना। चैत्र शुक्ल पक्ष एकम् से नौ दिन तक किये गये इस नियम से अद्भुत आरोग्य क्षमता उत्पन्न होती है।

### संवत्सर की अवधि का निर्धारण

भारतीय कालगणना के लिये तैयार किये जाने वाले संवत्सर में माह, नक्षत्र एवं तिथियों का निर्धारण समान नहीं होता। इसमें कुछ घंटों या पलों का अंतर हो सकता है। अवधि का यह निर्धारण भी अंतरिक्ष में ग्रहों की गति के आधार पर हुआ है। इसीलिए अंतर आता है। पृथ्वी अपनी धुरी पर 1600 किलो मीटर प्रति घंटे की गति से घूमती है, उसे एक पूरा चक्कर लगाने में चौबीस घंटे लगते हैं। इसे अहोरात्र कहते हैं। इसका एक भाग एक घंटे का होता है। पंचाग की भाषा में इसे 'होरा' कहते हैं। होरा को यदि रोमन में लिखेंगे 'HOURA' स्पेलिंग बनेगी इसमें से 'A' को हटाकर अंग्रेजी में HOUR यानी आवर कहा गया। यूरोप में यह संबोधन भी एक घंटे के लिये है। भारत में पंचांग का आरंभ यूरोप के कैलेण्डर से सैकड़ों साल पहले हो गया था, इसलिये यह अनुमान कठिन नहीं है कि एक घंटे के लिये 'ऑवर' शब्द भारत से गया है। यूरोपीय कैलेण्डर में पहले केवल दस माह होते थे। दिनों की संख्या भी नियमित नहीं थी। इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि यूरोपियन्स ने समय मापने के भारतीय सूत्र समझे और इसी आधार पर अपने कैलेण्डर को बारह मासी बनाया।

कुल मिलाकर भारतीय नववर्ष हजारों हजार वर्ष पूर्व का अद्भुत वैज्ञानिक अनुसंधान का निष्कर्ष है। संवत्सर नाम यजुर्वेद में भी मिलता है। जिसका संकेत है कि भारत में वैदिककाल से ही वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार तिथियों और परंपराओं का निर्धारण आरंभ हो गया था। नववर्ष की शुरुआत आधी रात के अंधकार में नहीं होती, अपितु उगते सूरज की पहली किरण के साथ होती है। जीवन के सुख और संकल्पना का आधार उगता सूरज होता है। नई ऋतु का आरंभ होता है। चैत्र शुक्ल पक्ष की एकम् बसंत और ग्रीष्म ऋतु का संगम भी है। ऋतु परिवर्तन प्राणी देह पर प्रभाव डालता है। इसलिये ऋतु संगम पर स्वास्थ्य रहने के लिये आरोग्य की साधना भी आवश्यक है। इसीलिए भारतीय परंपराओं नव संवत्सर के पहले दिन को सकारात्मक संकल्पना के साथ जोड़ा गया है।

रमेश शर्मा

(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)

**नि.आ.सू. क्रमांक/05/व.ले.लि./2024-25** **डिण्डौरी, दिनांक : 12.03.2025**

### ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीकृत समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों की ऑनलाइन निविदा पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है -

**कार्य का नाम :–** राई-मालपुर-डुंगरिया मार्ग लंबाई 14.60 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य।

| ई-टेंडर नम्बर | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र (रुपये में) | अमानत राशि (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा खोले जाने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PWDRB_ 409234 | 477.66 | 15000/- | 478000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित | कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| **कार्य का नाम :–** जोगीटिकरिया-मुडकी-घानामार मार्ग लंबाई 11.00 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 409235 | 415.01 | 15000/- | 415100/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित | कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| **कार्य का नाम :–** शाहपुर-किसलपुरी मार्ग लं. 11.00 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 409236 | 313.22 | 15000/- | 313300/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित | कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| **कार्य का नाम :–** डिण्डौरी बायपास मार्ग लं. 3.00 कि.मी., चांडा एप्रोज मार्ग लं. 3.00 कि.मी., किरंगी से नर्मदा नदी लं. 2.30 कि.मी., एवं हर्रा टोला से नर्मदा नदी मार्ग लं. 1.60 कि.मी. कुल लंबाई 9.90 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य। | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 409238 | 109.94 | 12500/- | 110000/- | 03 माह वर्षाऋतु छोड़कर | कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |

(1) ऑनलाइन निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 13.03.2025 से 02.04.2025 सायं 5.30 बजे तक है। (2) ऑनलाइन बिड सबमिट करने की **अंतिम तिथि 02.04.2025 सायं 5.30 बजे तक** है। (3) टेण्डर डाक्यूमेंट (e-MED) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज केवल ऑनलाइन ही सबमिट किये जायेंगे। निविदा दिनांक 04.04.2025 से खाली जावेगी। (4) संशोधन या शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाइट में अपलोड किये जावेंगे। (5) निविदा प्रपत्र वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर भुगतान उपरांत प्राप्त हो सकेंगे। अतिरिक्त जानकारी वेबसाइट पर टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री**

**जी-24405/50681/2025** **लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

### निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक 24/व.ले.लि./2024-25** **भोपाल, दिनांक : 13.03.2025**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_ PWDRB_ 409509_1 | नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत मरम्मत उपसंभाग क्रमांक-3, के इंदिरा मार्केट से एन.एच.-12, कुल लंबाई 1.16 कि.मी. मार्गों पर व्हाइट टापिंग का कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | 234.00 | 234000/- |
| | | | **योग :–** | **234.00** | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की **अंतिम तिथि 24.03.2025 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री**

**जी-24462/50686/2025** **नया भोपाल संभाग लो.नि.वि. भोपाल (म.प्र.)**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग, भवन/सड़क संभाग शहडोल (म.प्र.)

**निविदा सूचना 11/एस.ए.सी. निविदा/वर्ष 2024-25/** **शहडोल, दिनांक : 18.03.2025**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**क्र. एवं कार्य का नाम :–** 1. नन्द टोला से डोंगरी टोला मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. में मजबूतीकरण का कार्य।

| टेन्डर क्रमांक | जिला | निविदा आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि (लाख में) | ई.एम.डी. की राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PWDRB_ 410379_1 | शहडोल | प्रथम | 220.06 | 220060/- | 15000/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 2. खोल्हाड़ से कुदरी मार्ग लंबाई 3.40 कि.मी. में मजबूतीकरण का कार्य। | | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 410392_1 | शहडोल | प्रथम | 241.82 | 241820/- | 15000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 3. बुढ़ार से पकरिया मार्ग लंबाई 2.30 कि.मी. में मजबूतीकरण का कार्य। | | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 410404_1 | शहडोल | प्रथम | 283.93 | 283930/- | 15000/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 4. भटुरा से विछिया पहुंच मार्ग वाया खमरौध मार्ग लंबाई 5.35 कि.मी. का निर्माण कार्य। | | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 410412_1 | शहडोल | प्रथम | 408.03 | 408030/- | 15000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित |

ऑनलाइन पोर्टल **http://mptenders.gov.in** के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने का समय दिनांक 18.03.2025 सुबह 10.30 से **अंतिम दिनांक 02.04.2025 शाम 17.30 तक** एवं निविदा डाउनलोड करने का समय दिनांक 18.03.2025 सुबह 10.30 से अंतिम दिनांक 02.04.2025 शाम 17.30 तक है।

**टीप :–** निविदाकारों का लोक निर्माण विभाग (भ/स) में पंजीयन अनिवार्य है। निविदाकारों का पैन कार्ड आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है। मूल शपथ पत्र निविदा खुलने की दिनांक के पूर्व कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**कार्यपालन यंत्री**

**जी-24595/50696/2025** **लोक निर्माण विभाग (भ/स) शहडोल संभाग शहडोल (म.प्र.)**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग मण्डला (म.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक 21/2024-25** **मण्डला, दिनांक : 13.03.2025**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने पर वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

**ग्रुप क्र. एवं कार्य का नाम :–** 1. मदनपुर से नैझर मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य लं. 4.00 कि.मी.।

| टेण्डर आई.डी. | जिला | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PWDRB_ 409357_1 | मण्डला | प्रथम आमंत्रण | 336.75 | 36800 | 15000 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| **ग्रुप क्र. एवं कार्य का नाम :–** 2. साल्हेडंडा से नर्मदा परिक्रमा हेतु सिवनी जिले को जोड़ने वाला मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 4.00 कि.मी.। | | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 409358_1 | मण्डला | प्रथम आमंत्रण | 351.79 | 351800 | 15000 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| **ग्रुप क्र. एवं कार्य का नाम :–** 3. सहस्त्रधारा पहुंच मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य लंबाई 4.00 कि.मी.। | | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 409359_1 | मण्डला | प्रथम आमंत्रण | 460.24 | 460300 | 15000 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| **ग्रुप क्र. एवं कार्य का नाम :–** 4. नकावल पहुंच मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य लंबाई 4.00 कि.मी.। | | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 409361_1 | मण्डला | प्रथम आमंत्रण | 257.35 | 257400 | 15000 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| | | **योग रु.** | **1406.13** | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 29.03.2025 (17.30) बजे तक** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाइन ही स्वीकार किये जावेंगे। अलग से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**

**जी-24409/50682/2025** **लो.नि.विभाग (भ/स) संभाग मण्डला**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक 27/व.ले.लि./2024-25** **बालाघाट, दिनांक : 11.03.2025**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 1. कटंगी नंदोरा, कटेदरा चौखंडी, खांदीटोला बोलडोगरी, कोसुंबा, भंडेरवा, लखनवाडा, सिरपुर चौकी, लखनवाडा वरुड भजीयापार, महकेपार कोडबी, सुकली जामुनटोला मार्ग लंबाई 27.05 कि.मी. का निर्माण कार्य।

| टेण्डर आई.डी. | जिला | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PWDRB_ 408774 | बालाघाट | प्रथम आमंत्रण | 463.68 | 463700/- | 15000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 2. भौरगढ़ से टेमनी, कटोरी लिलामा, कटोरी फलचूर शंकर पिपरिया, कटोरी चोर पिंडकेपार रानी मोहगांवघाट, सालेटेका घुबडगोंदी, कटेदरा जरहिमोहगांव मार्ग लंबाई 27.36 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 408775 | बालाघाट | प्रथम आमंत्रण | 419.45 | 419500/- | 15000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 3. कुम्हारी खुर्द से केरेगांव मार्ग लंबाई 3.20 कि.मी. का निर्माण कार्य। उमरी से बोरीकला मार्ग लंबाई 2.20 कि.मी. का निर्माण कार्य। | | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 408776 | बालाघाट | प्रथम आमंत्रण | 410.82 | 410900/- | 15000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 4. आलेझरी कासपुर, गर्रा एकोडी, कालागोटा पिपरिया वारा आलेझरी मार्ग लंबाई 11.70 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 408777 | बालाघाट | प्रथम आमंत्रण | 380.90 | 381000/- | 15000/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 5. उमरी-सावंगी-अर्जुनी बाहकल मार्ग लंबाई 4.45 कि.मी. का कार्य। | | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 408778 | बालाघाट | प्रथम आमंत्रण | 359.56 | 360000/- | 15000/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 6. मोहगांव कुण्डे सीमेंट कांक्रीट मार्ग लंबाई 3.60 कि.मी. का निर्माण कार्य। | | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 408779 | बालाघाट | प्रथम आमंत्रण | 347.52 | 347600/- | 15000/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 7. कटंगी-सहेकी मार्ग लंबाई 2.55 कि.मी. का कार्य। | | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 408780 | बालाघाट | प्रथम आमंत्रण | 302.09 | 302300/- | 15000/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 8. कटंगी-धंसा-टेकेपार मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 408781 | बालाघाट | प्रथम आमंत्रण | 292.09 | 292100/- | 15000/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 9. चोरपिण्डकेपार से टूईयापार मार्ग लंबाई 4.45 कि.मी. का निर्माण कार्य। | | | | | | |
| 2025_PWDRB_ 408782 | बालाघाट | प्रथम आमंत्रण | 214.19 | 214200/- | 15000/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| | | **कुल योग** | **3190.50** | | | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 02.04.2025 (17.30) बजे** निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन ही जमा किये जायेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

**कार्यपालन यंत्री**

**जी-24425/50683/2025** **लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 बालाघाट**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग कटनी (म.प्र.)

Email : eepwdkatni@mp.nic.in, Phone No. : 07622-224277

### निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 11/व.ले.लि./2024-25** **कटनी, दिनांक : 12.03.2025**

**भोपाल,** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने किसानों से अपील की है कि वे ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में कीटनाशक एवं नीदानाशक का उपयोग कम से कम करें। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि मूंग फसल में अत्यधिक रासायनिक दवाओं का दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य, मृदा स्वास्थ्य, जल एवं पर्यावरण पर सामने आया है। ऐसे में वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों की ओर से कई तरह की बीमारियां जन्म लेने की आशंका व्यक्त की गई हैं। उन्होंने कहा कि किसान भाई मूंग फसल की पैदावार के लिए ऐसा चक्र अपनाएं, जिससे ग्रीष्मकालीन मूंग प्राकृतिक रूप से अपने समय पर पक सके।

कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग पर कहा कि यद्यपि मूंग की पैदावार से प्रदेश में किसानों की आय में वृद्धि हुई है।

किसान इसे जल्दी पकाने के लिए कई बार नीदानाशक दवा (पेराक्वाट डायक्लोराइड) का छिड़काव करते हैं। इस दवा के अंश मूंग फसल में कई दिनों तक विद्यमान रहते हैं, जो मानव स्वास्थ्य एवं पशु-पक्षियों के लिए अत्यंत हानिकारक हैं।

कृषि मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि कृषि एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों, पर्यावरणविद् और कृषि सुधार के क्षेत्र में कार्य कर रहे संगठनों ने अनुसंधान रिपोर्ट के आधार पर मूंग फसल में आवश्यकतानुसार ही कीटनाशकों के उपयोग का सुझाव दिया है। राज्य सरकार जैविक खेती को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है एवं किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

प्रदेश के नर्मदापुरम, हरदा, सीहोर, नरसिंहपुर, बैतूल, जबलपुर, विदिशा, देवास और रायसेन सहित कई जिलों में ग्रीष्मकालीन मूंग किसानों के लिए तीसरी फसल का अच्छा विकल्प बन चुकी है। वर्तमान में मूंग की फसल 14.39 लाख हेक्टेयर रकबे में लगाई जा रही है और इसका उत्पादन 20.29 लाख मीट्रिक टन है। प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग का औसत उत्पादन 1410 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है।

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मुख्यमंत्री ने माना आभार

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया को जारी एक संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के शहडोल जिले के छोटे से गांव के उभरते फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनकी तुलना ब्राजील से कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया है। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी के मध्यप्रदेश के प्रति विशेष स्नेह का प्रकटीकरण है। यह भाव 'एमपी के मन में मोदी' को भी चरितार्थ करता है। प्रदेश के चीता प्रोजेक्ट से लेकर कई परियोजनाओं में प्रधानमंत्री श्री मोदी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री ने प्रदेश में नदी जोड़ो अभियान का शुभारंभ कर विश्व को प्राकृतिक संसाधनों का श्रेष्ठतम प्रबंधन करने का संदेश दिया। उनके आशीर्वाद से प्रदेश विकास और जनकल्याण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रदेश और प्रदेशवासियों को निरंतर प्रोत्साहन के लिए हम सब उनके आभारी हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकन पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमेन के साथ बातचीत में शहडोल जिले के दौरे की स्मृतियों को साझा करते हुए जनजातीय बाहुल्य गांव विचारपुर के निवासियों में फुटबॉल के प्रति जबरदस्त जुनून की चर्चा की थी। उल्लेखनीय है कि दक्षिण अमेरिका महाद्वीप का प्रमुख देश ब्राजील फुटबॉल के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता और अनेक बार फुटबॉल का फीफा विश्व कप जीतने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त है।

## जनसामान्य की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए प्रतिबद्ध है सरकार

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिंड स्थित अतिशय क्षेत्र बरासों में सुमेरू पर्वत निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम को भोपाल से वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनसामान्य की मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ उनकी आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी कार्य कर रही है। विश्व में भारत की पहचान हमारे आध्यात्मिक विचारों तथा जियो और जीने दो के सिद्धांत को व्यवहार में क्रियान्वित करने से निर्मित हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरासों में 414 फीट ऊंचे सुमेरू पर्वत का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की ख्याति सबको जीने का हक देने वाले देश के रूप में रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व



में भारत विश्व में, जीवन के सभी क्षेत्रों में गौरव अर्जित कर रहा है। भारतीय ज्ञान परम्परा के आध्यात्मिक तेज के साथ-साथ विश्व में देश की साख और धाक बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गौ-पालन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पहल की जा रही है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन के साथ-साथ दूध के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दुग्ध उत्पादन पर गौ-पालकों को प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई है। गौ-शालाओं को दिए जा रहे अनुदान को भी बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का स्थान भारत में तीसरा है, हमारा प्रयास प्रदेश को देश में नंबर वन बनाने का है। दूध पर 5 रुपये प्रति लीटर बोनस की व्यवस्था की जाएगी, इससे कृषकों की आय बढ़ेगी और समाज सम्पन्न होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बरासों में बनाए जाने वाले स्कूल, कॉलेज, अस्पताल सहित अन्य जनकल्याण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के माध्यम से ज्ञानार्जन के क्षेत्र में भी विशेष नवाचार किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बरासों के ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सार्वजनिक प्याऊ किए जाएं प्रारंभ



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में हुई पेयजल प्रबंध समीक्षा बैठक को संबोधित किया

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई एक बैठक में पेयजल प्रबंधों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के लिए पर्याप्त पेयजल प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सार्वजनिक प्याऊ स्थापित कर राहगीरों के लिए भी पीने के पानी का प्रबंध किया जाए। शहरों में प्रत्येक मोहल्ले में पेयजल की उपलब्धता, पानी की टंकियों की स्वच्छता और व्यवस्थित पेयजल वितरण जैसे कार्य सुचारु रूप से सम्पन्न हों। ग्रामों में नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीण आबादी को लाभान्वित किया जाए। हर घर में नल से जल पहुंचाने के कार्य पूर्ण किए जाएं। जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है, वहां लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्थानीय निकाय मिलकर नागरिकों के लिए समाधान की कार्यवाही करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में धरती आबा उत्कर्ष अभियान में अन्य विभागों के सहयोग से पेयजल प्रबंध के कार्य भी सम्पन्न किए जाएं। अन्य ग्रामों में एकल ग्राम नल-जल योजना और जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल घोषित ग्रामों में पेयजल की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। पेयजल प्रदाय के साथ ही स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों का भी संचालन किया जाए।

- **शहरों और ग्रामों में नागरिकों के लिए सुनिश्चित करें पीने के पानी का प्रबंध।**
- **पेयजल के साथ स्वच्छता के कार्यों को पूर्ण कर प्रदेश को, देश में मॉडल बनाया जा सकता है।**
- **प्रदेश में 5 लाख 62 हजार 776 हैंडपम्प पेयजल प्रदाय में सहयोगी हैं।**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास और कृषि विभाग के अमले का सहयोग भी पेयजल प्रदाय में प्राप्त किया जाए। पंचायतों के पदाधिकारी और शहरों में नगरीय निकायों के अमले द्वारा पेयजल प्रदाय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल के साथ स्वच्छता के कार्यों को पूर्ण कर प्रदेश को, देश में मॉडल बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने जल गंगा जल संवर्धन अभियान में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की सक्रिय भूमिका की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुपयोगी हैंडपम्पों को उपयोगी बनाने के लिए रिचार्ज करने की योजना का क्रियान्वयन भी प्रदेश में किया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के प्रारंभ होने से लेकर अब तक 62 लाख 71 हजार 124 कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। यह प्रदेश के कुल घरों एक करोड़ 11 लाख 80 हजार 901 का 63.81 प्रतिशत है। दिनांक 16 मार्च 2025 की स्थिति में प्रदेश के 76 लाख 24 हजार 275 घरों में नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं, यह उपलब्धि 68.19 प्रतिशत है। प्रदेश में 147 समूह नल जल प्रदाय योजनाओं के माध्यम से 23 हजार 164 ग्राम और 27 हजार 990 ग्राम, एकल ग्राम नल जल योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं।

प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपम्पों का संधारण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और नल जल योजनाओं का संचालन संधारण संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश में 5 लाख 62 हजार 776 हैंडपम्प पेयजल प्रदाय में सहयोगी हैं।

# पर्यटन बढ़ाने में हवाई यातायात बेहद जरूरी, इसलिए एयर कनेक्टिविटी बढ़ाएं

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में विमानन विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन को नए आयाम प्रदान करने के लिए सहज हवाई यातायात (एयर कनेक्टिविटी) एक बुनियादी जरूरत है। हरसंभव तरीके से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाएं, ताकि पर्यटक मध्यप्रदेश आकर यहां की समृद्ध ऐतिहासिक विरासतों का आसानी से अवलोकन कर सकें। इसके लिए आपसी सामंजस्य बेहद जरूरी है। विमानन विभाग, संस्कृति, पर्यटन और चिकित्सा विभाग के साथ मिलकर एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में प्रयास करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीवीआईपी और वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात रोकने से जनसामान्य को परेशानी होती है। इसलिए इस कठिनाई के स्थायी निदान के लिए मंत्रालय (वल्लभ भवन) और मुख्यमंत्री निवास के समीप ही नए हेलीपैड का निर्माण किया जाए। इससे समय की बचत भी होगी और सबकी कठिनाई भी दूर होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में धार्मिक पर्यटन, मेडिकल टूरिज्म, सांस्कृतिक पर्यटन और जनजातीय संस्कृति से जुड़ाव के लिए होम स्टे प्रोत्साहन के रूप में सेल्फ फीलिंग एवं हीलिंग टूरिज्म की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को विमानन क्षेत्र में नए रोज़गार सृजन की संभावनाओं के अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने और युवाओं के कौशल विकास के लिए पायलट-क्रू मेंबर्स के प्रशिक्षण संस्थानों में रोज़गारपरक डिप्लोमा एवं डिग्री कोर्सेस चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ती विमानन आवश्यकताओं के लिए पायलेटों की संख्या बढ़ाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल सहित प्रदेश के अन्य सभी बड़े शहरों से घरेलू उड़ान बढ़ाने के लिए दूसरे राज्यों के साथ समन्वय करें और विमानन सुविधाओं के विस्तार के लिए शोध भी कराएं। प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए एविएशन कम्पनियों, पायलेट एवं क्रू-मेंबर्स की प्रशिक्षण संस्थाओं को जोड़ें और उनसे प्रदेश में अपनी सेवाओं का विस्तार करने के लिए आग्रह करें।

# श्रीकृष्ण से जुड़े देवस्थानों को तीर्थ के रूप में करेंगे विकसित

**खंडवा,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ओंकारेश्वर में अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी की तृतीय चरण माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने ओंकारेश्वर स्थित गौमुख घाट पर माँ नर्मदा का मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया। यह यात्रा माँ नर्मदा, धर्म, धरा, धेनु, प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन के लिए पूर्ण समर्पित थी।

मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि इस ब्रह्माण्ड में है वही सब हमारे शरीर में भी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह परमात्मा हमारे अंदर विद्यमान है, उसी तरह जल माँ नर्मदा में विद्यमान है। उन्होंने कहा कि श्री दादा गुरुजी की तृतीय चरण माँ नर्मदा सेवा यात्रा का समापन हुआ है। यह एक अद्भुत यात्रा थी। उन्होंने श्री दादा गुरुजी को प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इस मृत्यु लोक में अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इस लोक में हमारे कर्म ही होते हैं जो हमें विभिन्न लक्ष्यों तक पहुँचाते हैं। सब अपने कर्मों के अनुसार पुण्य अर्जित करते हैं। इसलिए हम सबको सत्कर्म करने का प्रण लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े देवस्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जायेगा।

# जनता के लिये पुलिस करती है चुनौतियों का सामना





**उज्जैन,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस लाइन में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस सब प्रकार की चुनौतियों का सामना कर समाज को बेफिक्र होकर जीने का अनुकुल माहौल प्रदान करती है। पुलिस होली, दीपावली और अन्य त्योहारों पर अपने घर से दूर रहकर अपनी संपूर्ण निष्ठा से समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करती है। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों का समाज में विशेष सम्मान और महत्व है। बाबा महाकाल की नगरी में पुलिसकर्मियों के साथ होली खेलना हर्ष की बात है। पुलिस के लिए होली पर्व पर व्यवस्थाएं करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। पुलिस की सेवा के कारण ही सभी नागरिक हर्षोल्लास और आनंद के साथ होली का पर्व मनाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड के कठिन दौर में पुलिसकर्मियों द्वारा मैदान पर रहकर की गई सेवा देश के इतिहास में कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण है। हमें पुलिस पर गर्व हैं। पुलिसकर्मियों के स्वयं के मकान के लिए शासन ने प्रक्रिया आसान की है। प्रदेश ने इस बार अब तक का सबसे बड़ा 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया है। बजट में कोई भी नया कर नहीं लगाया गया है।

पुलिसकर्मियों के लिए बजट में नए वाहनों की स्वीकृति, थानों के नवीन भवन, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में समाज विरोधी ताकतों से सामना करने के लिए पर्याप्त सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है।

**8500 से अधिक नवीन भर्तियां की जाएंगी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी विभागों में निरंतर भर्तियां निकालकर पदपूर्ति करने जा रहे हैं। पुलिस बैंड, पुलिस का गौरव है जो अपनी प्रस्तुति से 26 जनवरी और 15 अगस्त के कार्यक्रमों को गरिमा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने 6600 से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही 8500 से अधिक पुलिस कॉन्स्टेबल और सब-इंस्पेक्टर की नवीन भर्तियां भी शीघ्र निकाली जाएंगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)


**महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय**
चित्रकूट सतना (म.प्र.) - 485334
(मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्थापित नैक ए++ ग्रेड विश्वविद्यालय)

**प्रवेश प्रारम्भ 2024-25**

**पी-एच.डी. प्रवेश सूचना : 2024-25**

**विश्वविद्यालय के पी-एच.डी. के नियमित एवं अंशकालिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं-** कृषि प्रसार, मृदा विज्ञान, सस्य विज्ञान, हार्टीकल्चर, जैव रसायन (कृषि), वनस्पति विज्ञान, सांख्यिकी, भूगर्भ विज्ञान, ग्रामीण प्रबंधन, व्यवसाय प्रबंधन, शिक्षाशास्त्र, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, मनोविज्ञान, संगीत, राजनीति विज्ञान, इतिहास, संस्कृत, अंग्रेजी, योग ।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ एवं आवेदन शुल्क**

ऑनलाइन पंजीकरण प्रारम्भ तिथि 01.03.2025
ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 03.04.2025
सामान्य/ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन/पंजीकरण शुल्क ₹ 2000.00
म.प्र. के एससी/एसटी और सभी राज्यों की महिला अभ्यर्थियों के लिए आवेदन/पंजीकरण शुल्क ₹ 1000.00
एमपी ऑनलाइन पोर्टल शुल्क ₹ 150.00

प्रवेश परीक्षा 08.04.2025 | परीक्षा केंद्र : विश्वविद्यालय परिसर

निर्देश :-
- **अर्हता :** सम्बन्धित विषय में 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि। अनु. जाति एवं अनु. जनजाति के अभ्यर्थियों को 5 प्रतिशत की छूट रहेगी।
- प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी।
- उम्मीदवार जो अर्हक परीक्षा में उपस्थित हुए हैं, लेकिन उनकी योग्यता परीक्षा के अंतिम वर्ष सेमेस्टर का परिणाम अभी भी प्रतीक्षित है, वे भी पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने के पात्र हैं, इसे अनंतिम प्रवेश माना जाएगा। उन्हें साक्षात्कार तिथि पर उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- यदि ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद भी, छात्र पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है, तो उनका आवेदन बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिया जाएगा। यदि उम्मीदवार ने किसी भी स्तर पर अपेक्षित योग्यता पूरी नहीं की है, तो भी उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी और जमा किया गया समस्त शुल्क जब्त कर लिया जावेगा।
- यूजीसी/सीएसआईआर/आईसीएचआर/आईसीपीआर/आईसीएसएसआर द्वारा जेआरएफ/नेट/अन्य समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा से मुक्त रखा जायेगा लेकिन साक्षात्कार में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
- अंशकालिक पीएच.डी. में प्रवेश हेतु शासकीय/अर्धशासकीय सेवा में नियमित रूप से कार्यरत अभ्यर्थी, संस्था से एनओसी के साथ आवेदन कर सकते हैं।
- प्रवेश के लिए पात्रता, शुल्क आदि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूचना बुलेटिन में उपलब्ध हैं (web : www.gramodayachitrakoot.ac.in)
- आरक्षण नीति मध्यप्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार होगी।
- उम्मीदवार एमपीऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से या इंटरनेट का उपयोग करके एमपीऑनलाइन पोर्टल https://mgcgv.mponline.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

R-50691/2025 कुलसचिव

# मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल को 364 आवासगृहों की मिली सौगात - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तात्या टोपे नगर में हितग्राहियों को नये शासकीय आवास की चाबियां सौंपी

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के तात्या टोपे नगर (टीटी नगर) स्थित भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन की परियोजना के प्रथम चरण में नवनिर्मित 364 जी-टाइप आवासों के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल मध्यप्रदेश की राजधानी है। राजधानी क्षेत्र की तीव्र प्रगति होगी। हाल ही में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। भोपाल शहर में ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन होते रहना आवश्यक हैं। भोपाल में शहरी क्षेत्र में आवास सुविधा सहित अन्य सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। भविष्य में भोपाल के साथ सीहोर विदिशा, नर्मदापुरम, रायसेन आदि क्षेत्रों को मिलाकर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र का विकास होगा। भविष्य की आवश्यकता के मद्देनजर विभिन्न प्रकार की विकसित सुविधाओं का होना आवश्यक है। राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य करेगी। संपूर्ण प्रदेश में समग्र विकास के लिए विकसित भारत-2047 के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुरूप कार्य संपन्न होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल देश की सबसे सुंदर और स्वच्छ राजधानी है। यहां ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रात्रि विश्राम किया। उन्होंने उद्यमियों एवं निवेशकों को मार्गदर्शन भी प्रदान किया। राज्य सरकार ने 'झीलों के शहर' को पांच शहरों के साथ जोड़कर विकास की नई कल्पना की है। इस प्रकार मध्यप्रदेश में भोपाल और इंदौर दो मेट्रोपॉलिटन सिटी आकार लेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप राज्य सरकार भी वर्ष 2047 के विजन पर कार्य कर रही है। आगामी 25 वर्षों में भोपाल और इंदौर को मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से स्वच्छता पेयजल, सीवर और रोड जैसी बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखकर योजना बनाई जा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में मध्यप्रदेश को विशेष अनुदान दिया है। उनका सपना है कि हर गरीब और जरूरतमंद का अपना पक्का मकान हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तात्या टोपे नगर के नवनिर्मित शासकीय आवासों के परिसर का नाम भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी परिसर होगा। यहां आवासीय परियोजना के प्रथम चरण में 116.26 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 364 जी टाइप आवासगृहों का लोकार्पण हुआ है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

## करीला धाम के विकास के लिए एक करोड़ रुपये की राशि करेंगे स्वीकृत

**अशोकनगर,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अशोकनगर के करीला धाम में माँ जानकी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार भगवान श्रीराम के प्रदेश में विभिन्न आगमन स्थलों के संरक्षण और उन्नयन का कार्य कर रही है। इसके साथ ही प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण लीला-स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिये श्रीकृष्ण पाथेय योजना को क्रियान्वित करने का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करीला धाम में भी श्रद्धालुओं को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिये एक करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि करीला धाम में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा। मेले की व्यवस्थाओं को और अधिक पुख्ता किया जायेगा, यह प्रयास किया जायेगा कि करीला धाम मेला राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाये। आने वाले समय में करीला धाम में आने जाने वाले मार्गों पर श्रद्धालुओं के लिए छाया की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का संबंध चंदेरी से होने के कारण यहां की गढ़ी को भव्य बनाया जायेगा।

**भगवान श्रीराम का जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्रोत**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्रीराम, माता जानकी और रघुकुल के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित किये गये आदर्श संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि करीला धाम की दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा ऐसी है कि एक बार जो यहां आता है, वह स्वयं को बार-बार आने से रोक नहीं पाता। मुख्यमंत्री ने राई नृत्य का जिक्र करते हुए कहा कि जब भगवान श्रीराम के घर में लव-कुश का जन्म हुआ होगा, तब इसे 'रघुराई नृत्य' कहा जाता रहा होगा।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महिला स्व-सहायता समूहों एवं ग्राम संगठकों को कार्य देने के प्रावधान उपार्जन नीति में किया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि महिला स्व-सहायता समूहों एवं ग्राम संगठकों को उपार्जन कार्य देने के लिए निर्देश दिये गये हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूहों एवं ग्राम संगठकों का एक वर्ष पूर्व का पंजीयन होना चाहिए। महिला स्व-सहायता समूहों, ग्राम संगठकों के बैंक खाते में न्यूनतम 2 लाख रुपये जमा हों। समूह द्वारा विगत एक वर्ष में नियमित रूप से बैठकों का आयोजन किया गया हो।

**फैक्ट फाइल**

**टेक्सटाइल उद्योग को विकसित करने के लिए प्रदेश में निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग प्रदान**

# मध्यप्रदेश में नवीन टेक्सटाइल नीति से वस्त्र उद्योग की अपार संभावनाएं

देश का हृदय स्थल मध्यप्रदेश अपनी भौगोलिक स्थिति और परिवेश के कारण वस्त्र उद्योग के लिए अपार संभावनाओं वाला प्रदेश है। प्रदेश में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों का बड़ा नेटवर्क है, इसीलिए टेक्सटाइल उद्योग के लिए यहां अनुकूल स्थिति है। देश के मध्य में स्थित होने से यहां पहुंचना सुगम है।

मध्यप्रदेश में कपड़ा उद्योग का निवेश के लिए प्रमुख केन्द्र बनने की संभावना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव टेक्सटाइल उद्योग को विकसित करने के लिए प्रयासरत हैं, इसे बढ़ाने के लिए प्रदेश में निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पीएलआई (प्रोडक्शन लिंक इंसेन्टिव) योजना, नेशनल टेक्सटाइल मिशन, पीएम मित्र योजना तथा समर्थ योजना से टेक्सटाइल सेक्टर को बढ़ावा देने के प्रयास किये जा रहे हैं।

**मध्यप्रदेश के धार जिले में पीएम मित्र पार्क की स्थापना**

वस्त्र उद्योगों की प्रगति के लिए केन्द्र सरकार, देश के विभिन्न राज्यों में 7 पीएम मित्र पार्क स्थापित कर रही है। मध्यप्रदेश पहला राज्य है जहां सबसे पहले और देश का सबसे बड़ा पीएम मित्र पार्क धार जिले में स्थापित किया जा रहा है। इससे 1 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोज़गार तथा 2 लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।

**टेक्सटाइल के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की संभावनाएं**

इस क्षेत्र में सर्वाधिक रोज़गार सृजन करने की क्षमता है। मध्यप्रदेश द्वारा लॉन्च की गई नवीन टेक्सटाइल नीति में निवेशकों के लिये रिटर्न ऑफ इंसेन्टिव, सब्सिडी, ट्रेनिंग के लिये अतिरिक्त इंसेन्टिव, एफडीआई के प्रावधान किये गये हैं। मध्यप्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य है, जहां पर टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश पर रिटर्न ऑफ इन्वेस्टमेंट सर्वाधिक है। इसके अतिरिक्त ट्रेनिंग और कौशल विकास के लिये अतिरिक्त इंसेन्टिव भी दिये जाते हैं।




मध्यप्रदेश में टेक्सटाइल इण्डस्ट्रीज के लिये सर्वाधिक भूमि की उपलब्धता है। प्रदेश में बिजली और पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। यहां का मैन पॉवर मेहनती और अनुशासित है।

**मध्यप्रदेश में कपड़ा उद्योग**

प्रदेश सभी स्तर के टेक्सटाइल निवेश के लिए तैयार है। सरकार उद्योगों के विकास के लिए हर संभव सहयोग दे रही है। मध्यप्रदेश ने स्वयं को फार्म-टू-फाइबर, फाइबर-टू-फैब्रिक, फैब्रिक-टू-फैशन, और फैशन-टू-फॉरेन के विजन के अनुसार कपड़ा उद्योग की पूरी मूल्य श्रृंखला के लिए एक आदर्श स्थान के रूप में स्थापित किया है।

**भारतीय कपड़ा उद्योग के ग्लोबल ब्राण्ड बनने में प्रदेश की भूमिका**

प्रदेश का कपड़ा उद्योग अब टियर-2 और टियर-3 शहरों की ओर बढ़ रहा है। इन स्थानों पर नीतिगत लाभों का अधिकतम उपयोग किया जा सकता है। वैश्विक बाजार में भारत के लिए यह एक अच्छा अवसर है। चीन, वियतनाम और बांग्लादेश के बाद अब दुनिया कपड़ा उद्योग के लिए भारत की ओर देख रही है। ऐसे समय में मध्यप्रदेश की नवीन टेक्सटाइल नीति के चलते मध्यप्रदेश में निश्चित ही निवेश बढ़ेगा। इससे कपड़ा उद्योग विकसित होगा, विस्तारित होगा।

प्रदेश का बढ़ता कपड़ा उद्योग देश के टेक्सटाइल उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा और वैश्विक बाजार की उन आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सक्षम होगा जिसकी अपेक्षा भारत से की जा रही है। इस तरह मध्यप्रदेश बढ़ते कपड़ा उद्योग से प्रदेश विकास के साथ भारतीय कपड़ा उद्योग को ग्लोबल ब्रांड बनने में अग्रणी राज्य बन सकता है।

- शशांक मणि पांडे
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)




दलाई लामा

## गोल्ड मर्करी अवॉर्ड से सम्मानित

धर्मगुरु दलाई लामा को वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित गोल्ड



मर्करी अवॉर्ड से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान उन्हें अहिंसा, करुणा और पर्यावरण संरक्षण में योगदान के लिए दिया जाएगा। समारोह का आयोजन 31 मार्च को उनके निवास स्थान धर्मशाला में होगा। गोल्ड मर्करी इंटरनेशनल ने इस सम्मान को ऐतिहासिक बताया है। संगठन के अनुसार दलाई लामा की शिक्षाएं वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में लोगों को प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने महात्मा गांधी के मार्ग पर चलते हुए तिब्बती लोगों के अधिकारों की रक्षा की है। 89 वर्षीय दलाई लामा ने इस सम्मान पर खुशी जताई है। संगठन के अध्यक्ष निकोलस डी. सैंटिस ने कहा कि दलाई लामा ने अपनी प्रतिबद्धता से वैश्विक चेतना को बदला है। 1961 में स्थापित गोल्ड मर्करी अवॉर्ड वैश्विक शासन और मानवीय प्रयासों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। इससे पहले रोनाल्ड रीगन, गेराल्ड फोर्ड, अनवर सादात जैसे विश्व नेताओं और यूनिसेफ, रेड क्रॉस जैसी संस्थाओं को भी यह सम्मान दिया जा चुका है।

पोत परिवहन विधेयक

## केन्द्र सरकार ने लगायी मुहर

पोत परिवहन क्षेत्र में व्यापार और वाणिज्यिक




गतिविधियों को बढ़ाने से जुड़े वहन पत्र (बिल ऑफ लैडिंग) विधेयक को लोकसभा की मंजूरी मिल गई है। यह बिल वर्ष 1856 के वहन पत्र कानून की जगह लेगा। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने दावा किया कि बिल में शामिल प्रावधानों के कारण यह भविष्य में पोत परिवहन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव का कारण बनेगा। विधायी थिंक-टैंक पीआरएस लेजिस्लेटिव के अनुसार, बिल ऑफ लैडिंग ऐसा दस्तावेज है, जो मालवाहक की ओर से शिपर को जारी किया जाता है। इसमें ले जाए जा रहे माल के प्रकार, मात्रा, स्थिति और गंतव्य जैसे विवरण होते हैं। बिल पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए श्री सोनोवाल ने कहा कि पोत परिवहन आर्थिक समृद्धि के लिए है।

डॉ. जयश्री वेंकटेसन

## आर्द्रभूमि के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए रामसर पुरस्कार मिला

डॉ. जयश्री वेंकटेसन आर्द्रभूमि के विवेकपूर्ण उपयोग



(वेटलैंड वाइज यूज) श्रेणी में वार्षिक प्रतिष्ठित रामसर पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। डॉ. जयश्री वेंकटेसन उन 12 महिलाओं में से एक हैं जिन्हें रामसर सचिवालय ने आर्द्रभूमि की दुनिया में महिला परिवर्तनकर्ताओं के दूसरे संस्करण में शामिल किया था। स्विटजरलैंड के ग्लैंड में स्थित रामसर सचिवालय ने सात मार्च 2025 को आर्द्रभूमि की दुनिया में वर्ष 2025 महिला परिवर्तनकर्ताओं के नामों की घोषणा की। आर्द्रभूमि पर रामसर सम्मेलन एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जो दुनिया के आर्द्रभूमियों की रक्षा करती है। वर्ष 2024 में, रामसर सचिवालय ने आर्द्रभूमि के संरक्षण और सुरक्षा के लिए उनके नेतृत्व और प्रतिबद्धता के लिए दुनिया भर की महिलाओं को सम्मानित करने के लिए पहली आर्द्रभूमि की दुनिया में महिला परिवर्तनकर्ता सूची जारी की। महिलाओं को तीन श्रेणियों में सम्मानित किया गया, जिसमें जयश्री वेंकटेसन को 'आर्द्रभूमि के विवेकपूर्ण उपयोग' श्रेणी में सम्मानित किया गया।

ताकाशी नाकाजिमा

## होंडा मोटर कंपनी के नये अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त

जापानी वाहन निर्माता कंपनी होंडा ने कहा कि उसने



ताकाशी नाकाजिमा को होंडा मोटर कंपनी इंडिया के नये अध्यक्ष एवं सीईओ के रूप में नियुक्त किया है। होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रतिवर्ष घोषित प्रबंधन परिवर्तनों के परिणामस्वरूप, नाकाजिमा एक अप्रैल 2025 से कार्यभार संभालेंगे। वाहन निर्माता कंपनी ने एक बयान में कहा कि नाकाजिमा, ताकुया त्सुमुरा का स्थान लेंगे, जो भारत में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद जापान स्थित होंडा मुख्यालय में स्थानांतरित हो गए हैं। ज्ञात रहे कि नाकाजिमा वर्ष 2021 से होंडा मोटर रूस के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। अपने नवीनतम कार्यभार के दौरान, वह घरेलू जापानी बाजार में होंडा के ऑटोमोबाइल व्यवसाय के लिए उत्पाद योजना, विपणन और कॉर्पोरेट संचार के प्रभारी भी थे।

स्फोरेक्स वेधशाला

## ब्रह्मांड के सारे राज खोलने नासा ने अंतरिक्ष में भेजी दूरबीन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने नई अंतरिक्ष दूरबीन



को पिछले दिनों प्रक्षेपित किया, जो पूरे आकाश का अध्ययन करेगी। यह शुरुआत से लेकर अब तक करोड़ों आकाशगंगाओं और ब्रह्मांडीय चमक (कॉस्मिक ग्लो) का पूरा अध्ययन करेगी। स्पेसएक्स ने कैलिफोर्निया से स्फोरेक्स वेधशाला को प्रक्षेपित किया। सूर्य का अध्ययन करने के लिए सूटकेस के आकार के यान उपग्रह भी साथ में भेजे गए हैं।

मणिकर्णिका दत्ता

## ऑक्सफोर्ड विवि की इतिहासकार ब्रिटेन से निर्वासित

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की भारतीय इतिहासकार



मणिकर्णिका दत्ता को ब्रिटेन से निर्वासन का सामना करना पड़ रहा है। ब्रिटेन के गृह कार्यालय ने दावा किया कि भारत में शोध के दौरान वह अनुमति से अधिक समय तक देश से बाहर रहीं। मणिकर्णिका ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के लिए अपने शैक्षणिक कार्य के तहत भारत में शोध किया। इसमें भारतीय अभिलेखागारों का अध्ययन और कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेना शामिल था। दत्ता ने ब्रिटेन में दस साल से अधिक समय रहने के आधार पर अनिश्चितकालीन रहने की अनुमति (आईएलआर) के लिए आवेदन किया था। नियमों के मुताबिक, आवेदक को 548 दिनों से ज्यादा ब्रिटेन से बाहर नहीं रहना चाहिए, लेकिन दत्ता 691 दिन भारत में रहीं।

हाइपरलूप टेस्ट ट्यूब

## आईआईटी छात्रों ने एशिया का सबसे लंबा टेस्ट ट्यूब तैयार किया

आईआईटी मद्रास ने 410 मीटर लंबा हाइपरलूप टेस्ट



ट्यूब तैयार किया है। यह एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप टेस्टिंग फैसिलिटी है और ये जल्द ही दुनिया का सबसे लंबा हाइपरलूप टेस्ट ट्यूब होगा। ज्ञात रहे कि वर्ष 2013 में एलन मस्क ने पूरी दुनिया को सबसे पहले हाइपरलूप दिखाया था। हाइपरलूप टेक्नोलॉजी एक हाई स्पीड ट्रांसपोर्ट सिस्टम है जो एक वैक्यूम-सील ट्यूब में पॉड्स को 1000 किलोमीटर प्रति घंटे से भी तेज स्पीड से ऑपरेट कर सकती है। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने चेन्नई के ही इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में हाइपरलूप के लिए इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स को डेवलप करने के प्लान का भी खुलासा किया, जिसमें स्वदेशी टेक्नोलॉजी के डेवलपमेंट के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। हाइपरलूप के जरिए ट्रांसपोर्ट को पूरी तरह से बदला जा सकता है। ज्ञात रहे कि रेल मंत्रालय ने मई 2022 में हाइपरलूप टेक्नोलॉजी के स्वदेशी डेवलपमेंट के लिए आईआईटी मद्रास को 8.34 करोड़ रुपये आवंटित किए थे।

अल्बर्टो डेविला

## 60 सेकंड में याद किए पाई के 280 अंक

दस साल के ब्रिटिश छात्र अल्बर्टो डेविला ने एक



मिनट में पाई के सबसे ज्यादा डेसिमल प्लेसेस को याद कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड बना दिया। ब्रिस्टल के अल्बर्टो डेविला आरागोन ने रेकॉर्ड बनाने के लिए सिर्फ 60 सेकंड में पाई के 280 अंकों को याद कर सबको हैरत में डाल दिया। 14 मार्च को पाई डे पर आयोजित प्रतियोगिता में आरागोन विजयी रहे और उन्होंने पाई के 280 अंकों को बिना देखे सही-सही सुना दिया। ज्ञात रहे कि पाई डे, गणितीय स्थिरांक पाई ($\pi$=3.14) के सम्मान में मनाया जाता है। अल्बर्टो की इस उपलब्धि की शुरुआत पिछले वर्ष पाई डे पर आयोजित प्रतियोगिता से हुई। इस प्रतियोगिता को अल्बर्टो ने 280 डिजिट याद करके जीता।

लोरी चावेज-डेरेमर

## सीनेट ने श्रम मंत्री के तौर पर नियुक्ति को मंजूरी दी

अमेरिकी संसद के सीनेट ने लोरी चावेज-डेरेमर की



श्रम मंत्री के रूप में नियुक्ति पर अपनी मुहर लगा दी। इस कैबिनेट पद पर नियुक्त होने के बाद उनकी जिम्मेदारियों में श्रमिक अधिकारों और सुरक्षा को लागू करना शामिल होगा। यह ऐसे वक्त में होगा जब अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' वित्तीय कटौती एवं फिजूलखर्ची को रोकने के मकसद से हजारों सरकारी कर्मचारियों को नौकरियों से निकालने की कोशिश कर रहा है। चावेज-डेरेमर का श्रम विभाग उन कई महकमों में शामिल है, जिनका नाम अरबपति एलन मस्क और सरकारी दक्षता विभाग के छंटनी के आदेश देने के अधिकार और संवेदनशील सरकारी डेटा तक पहुंच को चुनौती देने वाले महकमों में शामिल है।

वी.डी. चाफेकर

## बने 'रीकैप आईएससी' के कार्यकारी निदेशक

भारतीय तटरक्षक बल के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक



वी.डी. चाफेकर को 'रीकैप आईएससी' का सातवां कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया गया है। रीकैप आईएससी एशिया में पोतों को निशाना बनाकर की जाने वाली समुद्री चोरी और सशस्त्र डकैती के खिलाफ सहयोग बढ़ाने के लिए सरकारों के बीच एक क्षेत्रीय समझौता है। 'रीकैप' सूचना साझाकरण केंद्र की 19वीं शासी परिषद की बैठक में बताया गया कि चाफेकर इस साल एक अप्रैल से 31 मार्च 2028 तक तीन साल के कार्यकाल के लिए ईडी का पद संभालेंगे। परिषद ने उन्हें पिछले साल पांच नवंबर को चुना था। परिषद ने निवर्तमान ईडी कृष्णस्वामी नटराजन को समर्पित सेवा और रीकैप आईएससी की प्रतिष्ठा बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए धन्यवाद दिया।

इसरो ने

## 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित किए

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के विक्रम



साराभाई अंतरिक्ष केंद्र और सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल), चंडीगढ़ ने संयुक्त रूप से अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर-विक्रम 3201 और कल्पना 3201 विकसित किए हैं। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने यह जानकारी दी। विक्रम 3201 पहला पूर्णतः भारत में निर्मित 32 बिट माइक्रोप्रोसेसर है जो प्रक्षेपण यानों का कठोर पर्यावरणीय परिस्थितियों में उपयोग के लिए योग्य है। प्रोसेसर को एससीएल के 180 एनएम (नैनोमीटर) सीएमओएस (पूरक धातु-ऑक्साइड-अर्धचालक) सेमीकंडक्टर फैब में निर्मित किया गया है। यह प्रोसेसर स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए 16-बिट विक्रम 1601 माइक्रोप्रोसेसर का उन्नत संस्करण है, जो 2009 से इसरो के प्रक्षेपण यानों की एवियोनिक्स प्रणाली में काम कर रहा है।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम

## अब इंटर्नशिप मिलेगी मोबाइल से, सरकार ने लॉन्च किया ऐप

केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण




ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के लिए एक अलग मोबाइल ऐप लॉन्च किया। ऐप में क्लीन डिजाइन और आसान नेविगेशन के साथ सिंपल इंटरफेस, आधार फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए आसान रजिस्ट्रेशन और कैंडिडेट को नए अपडेट से अवगत रखने के लिए रियल टाइम अलर्ट समेत कई फीचर्स दिए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने रोज़गार, स्किल और अवसरों को बढ़ावा देने के लिए पांच स्कीम का पैकेज पेश करने में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन की सराहना की। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम की घोषणा बजट 2024-25 में की गई थी। इसका उद्देश्य पांच साल में टॉप 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस स्कीम की शुरुआत के तौर पर युवाओं को 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लक्ष्य के साथ पायलट प्रोजेक्ट पिछले साल अक्टूबर में शुरू किया गया था।

## स्मृति शेष

### तुर्किये के टिकटॉक स्टार इफेकन का निधन

सोशल मीडिया पर अपने मुकबैंग वीडियो के लिए



मशहूर तुर्किये के टिकटॉक स्टार इफेकन कुल्टूर का 24 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह मोटापे से जुड़ी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। मुकबैंग एक ऐसा ट्रेंड है, जिसमें कंटेंट क्रिएटर्स कैमरे के सामने बहुत खाना खाते हैं और अपने दर्शकों से बातचीत भी करते हैं।

### पद्मभूषण उड़िया कवि रथ का निधन

देश के जाने-माने उड़िया कवि और पूर्व प्रशासनिक



अधिकारी पद्मभूषण रमाकांत रथ का खारवेल नगर स्थित आवास पर निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। उन्हे साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2006 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी समेत अनेक हस्तियों ने उनके निधन पर शोक जताया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

## मोतीलाल नेहरू लॉ कॉलेज, खण्डवा

(क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन से सम्बद्धता प्राप्त एवं बार कौंसिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली से सम्बद्धता अनुमोदित)

**आवश्यकता है**

**(प्राचार्य, प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं लायब्रेरियन पद हेतु)**

दी लॉं एज्युकेशन सोसायटी, खण्डवा द्वारा संचालित-मोतीलाल नेहरू लॉं कॉलेज, खण्डवा में कॉलेज कोड 28 के अंतर्गत नियुक्ति के लिए निम्नलिखित रिक्त पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं :

| क्र. | पद | पद संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | 01 (एक) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता के साथ विधि विषय में PhD उपाधि एवं विधि स्नातकोत्तर उपाधि (LL.M.) न्यूनतम 55% अंकों सहित) एवं UGC (NET) अपेक्षित हैं। साथ ही न्यूनतम 15 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव व एकेडमिक/रिर्सच गतिविधि में 120 अंक। (वेतन योग्यता एवं UGC के नियमानुसार) |
| 2. | प्राध्यापक/ सह-प्राध्यापक | 02 (दो) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता के साथ विधि विषय में PhD उपाधि एवं विधि स्नातकोत्तर उपाधि LL.M. न्यूनतम 55% अंकों सहित) एवं UGC (NET) परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य है। साथ ही न्यूनतम 10 से 15 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव।(वेतन योग्यता एवं UGC के नियमानुसार) |
| 3. | सहायक प्राध्यापक | 04 (चार) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता के साथ विधि विषय में PhD उपाधि एवं विधि स्नातकोत्तर उपाधि (LL.M. न्यूनतम 55% अंकों सहित) एवं UGC (NET) परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य है। साथ ही न्यूनतम 01 से 05 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव। (वेतन योग्यता एवं UGC के नियमानुसार) |
| 4. | लाईब्रेरियन | 01 (एक) | M.Lib. 55% (NET/SLET) होना आवश्यक है। साथ ही न्यूनतम 01 से 05 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव। (वेतन योग्यता एवं UGC के नियमानुसार) |

1. आवेदक प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन, दिनांक 30.04.2025 तक सचिव, दी लॉं एज्युकेशन सोसायटी, खण्डवा (मोतीलाल नेहरू लॉं कॉलेज, सिविल लाइन्स, खण्डवा) के पते पर प्रेषित करें तथा **motilal.nehlaw@gmail.com** ईमेल पर भेजें। 2. उक्त साक्षात्कार में सभी श्रेणी के उम्मीदवारों को अपने स्वयं के व्यय पर उपस्थित होना होगा। इसके लिये संस्था से कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। पदों की संख्या में परिवर्तन या विज्ञप्ति निरस्त करने का अधिकार दी लॉं एज्युकेशन सोसायटी, खण्डवा के पास सुरक्षित है।

R-50697/2024 **सचिव**

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक 02 भोपाल, Mob. No. : 9425601534**

**ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com**

क्र. मप्रपुआअविनि/219/पयं/भोपाल-02/तशा/2025 भोपाल, दिनांक : 17.03.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

"होमगार्ड कार्यालय जिला राजगढ़ में एस.डी.ई.आर.एफ. भण्डार भवन के निर्माण कार्य" हेतु निविदा क्रमांक-21/2024-25 ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHCL/TENDER No. 2025_MPPHC_410441_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 04.04.2025 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119318/2025 R-50711/2025 **परियोजना यंत्री**

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1, भदभदा रोड, भोपाल**

**क्र./425, 426/तशा/प.यं./2025 दिनांक : 21.03.2025**

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय द्वारा पिपरई विकासखण्ड मुंगावली जिला अशोकनगर में 50 सीटर बालक छात्रावास एवं 50 सीटर बालिका छात्रावास भवन का निर्माण कार्य एवं संजय स्टेडियम गुना में पूर्व से निर्मित बास्केटबॉल कोर्ट का मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2025_MPPHC_411136_1, 2025_MPPHC_411175_1 दिनांक 07.04.2025 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119351/2025 R-50725/2025 **परियोजना यंत्री**

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, ए-2/2, एम.आय.जी. महानंदा नगर, उज्जैन (म.प्र.)**

**E-mail : mpphcl_ujjain@yahoo.in, मोबा. : 9406808103**

**क्र. 421-22/पय/मप्रपुआअविनि/25/उज्जैन दिनांक : 17.03.2025**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक-27/2024-25 दिनांक 17.03.2025 के अंतर्गत जिला उज्जैन में सिंहस्थ 2028 संबंधी विभिन्न निर्माण कार्यों एवं निविदा क्रमांक-28/2024-25 दिनांक 17.03.2025 के अंतर्गत जिला उज्जैन एवं आगर-मालवा में सिंहस्थ 2028 संबंधी विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2025_MPPHC_409917, _409919, _409920, _409921, _409922, _409923, _409924, _409925, _409926, _409928, _409929, _409933, _409934, _409936, _409939, _409940, _409941 (कुल 17 निविदा) आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 03.04.2025 17.00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119260/2025 R-50703/2025 **परियोजना यंत्री**

## अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान

**(लोक सेवा प्रबंधन विभाग की पंजीकृत संस्था)**

**सुशासन भवन, भदभदा चौराहा, टी.टी. नगर, भोपाल-462003**

**ई-मेल : aiggpa@mp.gov.in**

**टेलीफोन नं. : 0755-2770765, 2770761**

**क्रमांक/स्टोर/स्टेशनरी/2025/E-35189 भोपाल, दिनांक : 10.03.2025**

**(द्वितीय सीमित ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रण)**

**(संस्थान में नियमित रूप से उपयोग में ली जाने वाली स्टेशनरी के वार्षिक दर निर्धारण)**

अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में नियमित रूप से उपयोग में ली जाने वाली स्टेशनरी का वार्षिक दर निर्धारण किये जाने हेतु MP Tender के माध्यम से (ई-निविदा Tender ID_2025_IGGPA_407957_1) आमंत्रित की गई है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शर्तें **https://mptenders.gov.in** एवं संस्थान की वेबसाइट **www.aiggpa.mp.gov.in** पर उपलब्ध हैं। जिसकी **अंतिम दिनांक 01.04.2025 सायं 3.00** तक निर्धारित है।

म.प्र. माध्यम/119160/2025 R-50698/2025 **मुख्य प्रबंधक (प्रशासन)**

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**

**3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)**

**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

**No./3135/22/D-12/MPRRDA/2025 Bhopal, Dated : 11.03.2025**

**NOTICE INVITING TENDER NO. 1219 (Deposit Work) DW**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **Name of work :** Deposit Work (MPRRDA SSR : 05.11.2019)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Rewa | 1 | 1493000.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **12.03.2025 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **02.04.2025 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER**

M.P. Madhyam/119165/2025 R-50700/2025 **(TENDER)**

**"मेरी सड़क" एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।**

**'मेरी सड़क' ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।**

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**

**3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)**

**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

**No./3460/22/D-12/MPRRDA/2025 Bhopal, Dated : 18.03.2025**

**NOTICE INVITING TENDER NO. 1220 (PM-JANMAN)**

**(Batch-III & IV, Year-2024-25)**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :-

- **Name of Work** – Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction.
- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority, effective from 01.01.2024 and amended upto issue date of NIT.

**• Table-1: PM-JANMAN-Batch-III**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | No. of Road | Total Length (in kms) | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Shivpuri | 1 | 1 | 4.75 | 38402000.00 |
| 2. | Singrauli | 1 | 1 | 1.50 | 7810987.00 |

**• Table-2 : PM-JANMAN-Batch-IV**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | No. of Road | Total Length (in kms) | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Balaghat | 1 | 1 | 5.80 | 37009000.00 |
| 2. | Guna | 1 | 1 | 3.60 | 26312000.00 |

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchase online from **21.03.2025 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **07.04.2025 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER**

M.P. Madhyam/119275/2025 R-50704/2025 **(TENDER)**

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**

**3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)**

**No./3138/22/D-12/MPRRDA/2025 Bhopal, Dated : 11.03.2025**

**NOTICE INVITING TENDER No. 1218 (PMGSY-Bridge-BW)**

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** detailed below :-

- **Name of Work –** Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs. ) |
|---|---|---|---|
| 1 | Chhindwara | 1 | 13167000.00 |

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **12.03.2025 (17:30 hrs)** and last date for online bid submission is **02.04.2025 (17:00 hrs.).**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

निश्चित रूप से वित्त मंत्री श्री देवड़ा के द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पेश प्रदेश का बजट गरीब, युवा, महिला और किसानों के तेज उत्थान के लिए भरपूर आवंटनों से सजाया गया है। वस्तुतः यह डबल इंजन सरकार का एक साहसिक बजट है। बजट पर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 और क्षेत्रीय औद्योगिक सम्मेलनों की छाप स्पष्ट नजर आती है। वित्तमंत्री ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में प्राप्त हुए 30.77 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए नई रणनीतियों का ऐलान किया है। बजट में कई नई योजनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना के लिए 850 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डेरी विकास योजना के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। श्रीकृष्ण पाथेय योजना के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान है। अविरल निर्मल नर्मदा योजना के लिए 25 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री सम्रग परिवार समृद्ध योजना के लिए 125 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

निश्चित रूप से वर्ष 2025-26 के मध्यप्रदेश के बजट में उद्योग, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, सहकारी समितियों के विकास, महिला बाल विकास आदि क्षेत्रों पर भी विशेष जोर दिया गया है। मध्यप्रदेश में निवेश आकर्षित करने तथा औद्योगिक विकास बढ़ाने की सरकार की वर्तमान योजनाओं के अनुरूप प्रदेशभर में 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की घोषणा की गई है। जिनसे करीब 3 लाख नए रोज़गार तैयार होने की उम्मीद है। बजट में अधोसंरचना क्षेत्र के लिए 70,515 करोड़ रुपये, कृषि के लिए 58, 257 करोड़ रुपये, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के लिए 50,333 करोड़ रुपये तथा शिक्षा के लिए 44,826 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। बजट में सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के लिए कुल मिलाकर तकरीबन 2 लाख करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजना लाड़ली बहना के लिए 18,669 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

हम उम्मीद करें कि वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा के द्वारा 12 मार्च को प्रस्तुत किए गए प्रदेश के वर्ष 2025-26 के बजट में किए गए आवंटनों से जहां आम आदमी लाभांवित होगा, वही प्रदेश की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था गतिशील होगी। हम उम्मीद करें कि वित्त वर्ष 2025-26 के प्रदेश के बजट से जहाँ प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेज रफ्तार से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी, वहीं नए बजट से प्रदेश के विभिन्न वर्गों के चेहरे पर आर्थिक-सामाजिक विकास की नई मुस्कुराहट आते हुए दिखाई दे सकेगी।

**- डॉ. जयंतीलाल भंडारी**
(लेखक, कॅरियर मार्गदर्शन के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

---

**27 मार्च - विश्व रंगमंच दिवस**

# संस्कृति परम्परा और जागरूकता का सशक्त माध्यम - रंगमंच

रंगमंच दुनिया में परम्परा संस्कृति और कला के प्रसार का सशक्त माध्यम है। नाटक, थिएटर या रंगमंच एक ऐसा , महत्वपूर्ण और मनोरंजक साधन है जिसके माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों , कमजोरियों और अव्यवस्था को आसानी से उजागर कर जागरूक किया जा सकता है। 27 मार्च को विश्व भर में रंगमंच के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व रंगमंच दिवस मनाया जाता है। विश्व रंगमंच दिवस कला के महत्व का जश्न मनाता है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय उत्सव है। रंगमंच - रंग और मंच दो शब्दों से मिलकर बना है। रंग किसी भी दृश्य को आकर्षक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दृश्य को आकर्षक बनाने के लिए दीवारों, छतों और पर्दों पर तरह- तरह की चित्रकारी होती है और अभिनेताओं की वेशभूषा तथा साज-सज्जा में भी अलग-अलग रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। दर्शकों की सुविधा के लिए रंगमंच का तल फर्श से कुछ ऊंचा उठा रहता है इसलिए इसे मंच कहा जाता है। समूचे भवन को प्रेक्षागृह, रंगशाला, नाट्यशाला या नृत्यशाला कहते हैं। पश्चिम में इसे थिएटर या ऑपेरा नाम दिया गया। 'थियेटर', ग्रीक शब्द 'थियेट्रॉन' से आया है, जिसका अर्थ है देखना या स्थान का अवलोकन करना।

विश्व रंगमंच दिवस पर यदि हम भारत की बात करें तो यहां रंगमंच का इतिहास बहुत पुराना है। ऐसा समझा जाता है कि नाट्यकला का विकास सर्वप्रथम भारत में ही हुआ। ऋग्वेद के सूत्रों में यम और यमी, पुरुवा और उर्वशी आदि के कुछ संवाद हैं। इन संवादों में लोग नाटक का विकास ही मानते हैं। माना जाता है कि इन्हीं संवादों से प्रेरणा लेकर नाटक की रचना हुई। सबसे पुराना ग्रंथ भी नाट्यशास्त्र के नाम से जाना जाता है जिसके रचयिता भरतमुनि हैं। भरत मुनि का जीवनकाल 400 ईसापूर्व से 100 ई के मध्य माना जाता है। 37 अध्यायों वाले ग्रन्थ नाट्यशास्त्र में भरतमुनि ने रंगमंच, अभिनेता, अभिनय, नृत्यगीतवाद्य, दर्शक, दशरूपक और रस निष्पत्ति से सम्बन्धित सभी तथ्यों का विवेचन किया है।

रंगमंच दुनिया भर में मौजूद अलग-अलग कलाओं, संस्कृति और परंपरा को लोगों तक पहुंचाने का बेहतरीन जरिया है। अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच दिवस मनाने की शुरुआत वर्ष1961 में नेशनल थियेट्रिकल इंस्टीट्यूट द्वारा की गई थी। विश्व रंगमंच दिवस लोगों को प्रभावित करने, मनोरंजन करने, सिखाने और बदलने में रंगमंच कलाओं के मूल्य को पहचानता और रेखांकित करता है। यह दिन हर वर्ष 27 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय थिएटर समुदाय और इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट (आईटीआई) द्वारा मनाया जाता है। विश्व रंगमंच दिवस मनाने का प्रस्ताव फिनलैंड के हेलसिंकी में संगठन के नौवें वैश्विक सम्मेलन में आईटीआई के संस्थापक अरवी किविमा द्वारा किया गया था। विश्व रंगमंच दिवस अभी भी (आईटीआई), विश्व प्रदर्शन कला संगठन द्वारा आयोजित किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन द्वारा इसका सहयोग किया जाता है। पहला नाटक एथेंस में एक्रोप्लिस में स्थित थिएटर ऑफ डायोनिसस में आयोजित किया गया था। जिसके बाद से ग्रीस में इसका ऐसा प्रभाव हुआ कि लोग इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने लगे। इस दिन का एक महत्वपूर्ण आयोजन अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संदेश है, जो विश्व के किसी जाने माने रंगकर्मी द्वारा रंगमंच तथा शांति की संस्कृति विषय पर अपने विचार व्यक्त करता है।

थिएटर न केवल मनोरंजन प्रदान करता है बल्कि यह कला का ऐसा रूप भी है जो व्यक्तियों को शिक्षित और प्रेरित करता है। रंगमंच सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है, सांस्कृतिक विविधता को प्रोत्साहित करता है और नाटकों के माध्यम से सहानुभूति और समझ को बढ़ावा देता है। यह व्यक्तियों के दृष्टिकोण को चुनौती देने और संवाद और चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करने में भी सहायता करता है। विश्व रंगमंच दिवस हर वर्ष किसी न किसी थीम पर आधारित होता है। वर्ष 2024 में विश्व रंगमंच दिवस की थीम ''कला और शांति की संस्कृति'' थी।

एथेंस के एक्रोपोलिस में डायोनिसस के थिएटर में 5वीं शताब्दी की शुरुआत में पहले नाटक प्रस्तुत किए गए थे। थिएटर धीरे-धीरे प्रसिद्ध हो गए और इतने लोकप्रिय हुए कि तेजी से पूरे ग्रीस में फैल गए। सन 1599 में ब्रिटिश नाटककार विलियम शेक्सपियर ने अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर लन्दन में ग्लोब थिएटर की स्थापना की थी। पाश्चात्य में ग्लोब थिएटर ने रंगमंच को एक विशिष्ट पहचान दिलाई। नाटकों की दुनिया में विलियम शेक्सपियर का नाम आज भी दुनिया भर में सम्मान के साथ लिया जाता है। भारत सहित दुनिया भर के देशो में उनके नाटकों का मंचन अब भी होता है । दुनिया के सबसे पुराने थिएटर के रूप में व्यापक रूप से स्वीकृत, इटली के विसेंज़ा में स्थित टीट्रो ओलंपिको (ओलंपिक थिएटर) ने मार्च 1585 में अपना पहला प्रदर्शन आयोजित किया था।

आधुनिक भारतीय नाट्य साहित्य का इतिहास अधिक पुराना नहीं है। यह संस्कृत रंगमंच, लोककला और पाश्चात्य रंगमंच परम्परा से प्रभावित रही है। अंग्रेजों का प्रभुत्व देशभर में फैलने के कारण पश्चिम की अनेक वस्तुओं के साथ मनोरंजन का सशक्त साधन पाश्चात्य नाटकों का भी प्रवेश भारत में हुआ। अंग्रेजों ने अपने नाटकों के अभिनय के लिए भारत में अभिनयशालाओं की स्थापना की जो थिएटर के नाम से अधिक प्रसिद्ध हुई। आधुनिक भारतीय रंगमंच ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन औपनिवेशिक शासन के दौरान, 19वीं शताब्दी के मध्य से 20वीं सदी के मध्य तक विकसित हुआ। इस समय की भारतीय नाट्य शैली में पाश्चात्य शैली की झलक भी दिखाई देने लगी थी।

बीसवीं सदी के हिंदी रंगमंच के विकास में भारतेन्दु नाटक मण्डली का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। इस मण्डली ने करीब डेढ़ दर्जन नाटकों का मंचन किया। वर्ष 1944 में पृथ्वीराज कपूर ने पृथ्वी थिएटर की नीव रखी। इसकी स्थापना से रंगमंच को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिली। इंडियन पीपल थिएट एसोसिशन (इप्टा) ने भी थिएटर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इप्टा का जन्म आज़ादी की लड़ाई और विश्वव्यापी फासीवादी विरोधी आंदोलन से हुआ था। भारत में बना पहला मूवी थियेटर चैपलिन सिनेमा था, जिसे एलफिंस्टन पिक्चर पैलेस के नाम से भी जाना जाता है। चैपलिन सिनेमा का निर्माण वर्ष 1907 में जमशेदजी फ्रेमजी मदन ने करवाया था। वर्ष 1960 तक इप्टा द्वारा ढेरों नाटकों का मंचन किया गया। ढेरों प्रसिद्ध साहित्यकार, लेखक, निर्देशक और अभिनेता इप्टा की ही देन हैं। इप्टा के सहयोग से पृथ्वी थिएटर ने देश भर में नाटक किये। भारत में रंगमंच के विकास को देखते हुए वर्ष 1959 में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की स्थापना की गई। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय ने हिंदी रंगमंच को नई पहचान और स्थान दिया। हिंदी रंगमंच के विकास में देश के विभिन्न क्षेत्रों ने अपना अपना योगदान दिया। साहित्यिक नाटक भारत के विभिन्न भागों में महान भारतीय भाषा लेखकों द्वारा लिखे गए। ऐसे नाटककारों में से सबसे प्रसिद्ध रवीन्द्रनाथ टैगोर थे, जिन्होंने कविता और उपन्यास के साथ नाटक की शैली को समृद्ध किया था। विश्व रंगमंच दिवस जहां हर वर्ष 27 मार्च को मनाया जाता है वहीं हिंदी रंगमंच दिवस प्रतिवर्ष 3 अप्रैल को मनाया जाता है।

रंगमंच के क्षेत्र में आज भी ढेरों सम्भावनायें हैं। बहुत सी ऐसी संस्थाएं और संस्थान हैं जिन्होंने रंगमंच को अपने पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। रंगमंच में रुचि रखने वाले युवा ऐसे संस्थानों में प्रवेश कर न केवल एक्टिंग बल्कि रंगमंच की अन्य विधाएं जैसे लेखन, निर्देशन, साज-सज्जा सहित अन्य चीज़े सीख कर इसे कॅरियर के रूप में अपना सकते हैं। विभिन्न संस्थान रंगमंच में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी चलाते हैं। इस क्षेत्र में स्नातक के साथ-साथ स्नातकोत्तर डिग्री भी मिलती है।

सिनेमा का आकर्षण अधिक होने पर भी, नाटकों के लिए उपयुक्त रंगमंच बनाने का देश-दुनिया में काफी प्रयास हो रहा है। मनोरंजन की दृष्टि से कम, शिक्षा की दृष्टि से इनकी उपयोगिता अधिक समझी गई है। शैक्षणिक रंगमंच में अमरीका संसार में पहले स्थान पर है। अमरीकी शैक्षणिक रंगमंच की शाखाएं बहुत से विश्वविद्यालयों में खुली है। अन्य देशों को भी अमेरिका से प्रेरणा लेकर अपनी शिक्षा और शिक्षण व्यवस्था में रंगमंच से जोड़ा जाना चाहिए। जिससे युवा वर्ग रंगमंच से जुड़ सके, क्योंकि रंगमंच आज भी समाज का एक मजबूत स्तंभ है। रंगमंच पर जब समाज की दशा को जीवंत किया जाता है तो दर्शक उसके साथ आसानी से जुड़ जाते हैं। रंगमंच समाज का आइना ही नहीं बल्कि परिवर्तन का सशक्त हथियार भी है।

**- वीणा सबलोक पाठक**
(लेखिका सम-सामयिक विषयों पर लेखन करती हैं)

# युवाओं के नवाचार को लोकल से ग्लोबल बनाने में मददगार साबित होगी मध्यप्रदेश की नई स्टार्टअप नीति 2025

भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मध्यप्रदेश की नई स्टार्टअप नीति जारी की गई। इस नीति के केन्द्र में विरासत के साथ विकास का मूल मंत्र शामिल है। भारत में पुरातन समय से नवाचार होते आये हैं। यह नवाचार शोध, शिक्षा और अनुसंधान के द्वारा समूचे विश्व तक पहुंचे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विरासत के साथ विकास की संभावनाओं को आकार दे रहे हैं। मध्यप्रदेश का अपना गौरवशाली इतिहास है। विविधता से समृद्ध और विरासत से संपन्न हृदय प्रांत मध्यप्रदेश उद्यमशीलता और नवाचारों का केन्द्र रहा है। प्रदेश की इसी विशेषता को नये स्वरूप के साथ नई स्टार्टअप नीति में तराशने की कवायद चल रही है। नवीन नीति में शिक्षा संस्थान, इनक्यूबेशन सेंटर, स्थानीय लोग और निवेशक मिलकर एक समृद्ध इकोसिस्टम का निर्माण करेंगे। प्रदेश में इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा स्टार्टअप को आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और नेटवर्किंग के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। विविधता से भरे मध्यप्रदेश में यहां के युवा, क्षेत्रीयजनों और क्षेत्र विशेष की विशेषताओं के साथ स्टार्टअप को खड़ा करने में लगे हैं। प्रदेश के स्टार्टअप क्षेत्र की इस यात्रा को लोकल से ग्लोबल तक पहुंचाने के लिए नई स्टार्टअप नीति कारगर साबित हो सकती है। इस नीति का लक्ष्य है, मध्यप्रदेश को वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्टार्टअप हब के रूप में स्थापित करना है, जिससे नवाचार, पूंजी तथा रोज़गार सृजन और सहायक इकोसिस्टम को प्रोत्साहन संभव हो।

### उद्देश्य

- अधिमान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या 10,000 तक बढ़ाना।
- 100 करोड़ रुपये के सीड कैपिटल फंड की स्थापना।
- 1.10 लाख तक रोज़गार सृजित करना।
- 500 से अधिक स्टार्टअप्स को मार्केट में निवेश योग्य बनाना।
- मेगा इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना करना।

### स्टार्टअप नीति के प्रमुख स्तम्भ

**वित्त पोषण**

- सीड फंड अनुदान।
- स्टार्टअप कैपिटल फंड।
- प्राप्त निवेश तथा ऋण सहायता।

**बाजार तक पहुंच और मेंटरिंग**

- स्टार्टअप एक्सेलरेशन कार्यक्रम।
- ग्रैंड चैलेंज और हैकथॉन।

**उत्पाद आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा**

- रोज़गार सृजन सहायता।
- कौशल विकास सहायता।
- विद्युत शुल्क सहायता।
- एमएसएमई विकास नीति का लाभ।

**संस्थागत सहयोग**

- स्टार्टअप सलाहकार परिषद की स्थापना।
- सरलीकृत एवं सशक्त पोर्टल और ऐप।
- हेल्प लाइन।

**नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहन**

- पेटेंट प्रतिपूर्ति।
- टिंकरिंग लैब्स की स्थापना।
- आंत्रप्रेन्योर-इन-रेसिडेंस (ईआईआर)।

**अधोसंरचना सहयोग**

- मेगा इनक्यूबेटर की स्थापना।
- नवीन इनक्यूबेटर हेतु पूंजी अनुदान।
- इनक्यूबेटर हेतु उन्नयन अनुदान।

### क्या प्रावधान है नीति में

**सीड फंड अनुदान**

चयनित इनक्यूबेटरों के माध्यम से 30 लाख रुपये तक की सीड फंड सहायता।

**स्टार्टअप कैपिटल फंड**

अल्टरनेट इनवेस्टमेंट फंड (एआईएफ) के सहयोग से 100 करोड़ रुपये का स्टार्टअप कैपिटल फंड (1:1 योगदान) से प्रदेश के ग्रोथ स्टेज वाले स्टार्टअप में निवेश।

**ब्याज अनुदान सहायता**

स्टार्टअप को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत बैंकों के माध्यम से कोलेटरल मुक्त ऋण पर ब्याज अनुदान और गारंटी शुल्क कवरेज प्रदान करना। (5 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान, गारंटी शुल्क की प्रतिपूर्ति, बैंकों के माध्यम से अधिकतम 5 वर्ष की अवधि के लिए)।

**प्रोटोटाइप, उत्पाद विकास अनुदान**

किसी भी राज्य, केंद्र सरकार के कॉलेज, संस्थान, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संगठन के माध्यम से तकनीकी हस्तांतरण, प्रोटोटाइप, उत्पाद विकास, डिजाइन और ब्रांडिंग आदि के लिए 15 लाख रुपये तक की कुल सहायता प्रदान की जायेगी।

**लीज रेंटल सहायता**

योजना के तहत 3 वर्षों के लिए ऑफिस इकाई के किराए पर 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जायेगी अधिकतम 10 हजार रुपये प्रति माह।

- **ऑनलाइन विज्ञापन सहायता**
  विज्ञापन व्यय के लिए अधिकतम रुपये 3 लाख की सहायता की जायेगी।
- **आधोसंरचना सहयोग- इनक्यूबेटर मेगा इनक्यूबेटर की स्थापना**
  मध्यप्रदेश के एक प्रमुख शहर में पीपीपी मोड में मेगा इनक्यूबेटर की स्थापना की जायेगी।
- **अधोसंरचना का विकास**
  **नवीन इनक्यूबेटर स्थापना पर सहायता-** न्यूनतम 5000 वर्गफुट का इनक्यूबेटर स्थापित करने के लिए शासकीय होस्ट संस्थान हेतु 100 प्रतिशत एवं प्राईवेट होस्ट संस्थान हेतु 50 प्रतिशत अधिकतम 50 लाख रुपये का प्रावधान।
- **अधोसंरचना उन्नयन**
  **उन्नयन सहायता-** 50 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख तक, पॉलिसी अवधि के दौरान दो बार प्रदाय का प्रावधान प्रदाय।
- **विनिर्माण केन्द्रित इनक्यूबेटर के लिए भूमि आवंटन**
  विभाग के अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक भूमि आवंटन नियमों के तहत उद्योगों के समान दरों पर उत्पाद केन्द्रित इनक्यूबेटर के लिए भूमि का आवंटन।

**स्टार्टअप के रिवाइवल हेतु सहयोग**

- इनक्यूबेटरों और निजी क्षेत्र के भागीदारों के सहयोग से, संघर्षरत स्टार्टअप को कानूनी, वित्तीय और विपणन परामर्श।

**प्राथमिकता क्षेत्र**

- प्राथमिकता के प्रमुख क्षेत्रों में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी, डीप टेक, सर्कुलर इकोनॉमी, न्यू एनर्जी टेक्नोलॉजी, एवीजीसी एक्सआर, मोबिलिटी, बायोटेक और लाइफ साइंस, पर्यटन, बायोप्रिंटिंग, ऑर्गेनॉइड्स, जेनेटिक इंजीनियरिंग, ह्यूमन ऑग्मेंटेशन, बायोडायनामिक्स, ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई), क्वांटम टेक्नोलॉजी आदि शामिल हैं।

### नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा

- **पेटेंट सहायता**
  घरेलू पेटेंट पर 5 लाख रुपये तक, अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट पर 20 लाख रुपये तक सहायता।
- **टिंकरिंग लैब्स की स्थापना**
  प्रदेश के अधिकाधिक विद्यालयों में भारत सरकार के सहयोग से अटल टिंकरिंग लैब्स की स्थापना।
- **आंत्रप्रेन्योर-इन-रेसिडेंस (ईआईआर) सहायता**
  प्रत्येक स्टार्टअप को 12 महीने तक की अवधि के लिए 10 हजार रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता।

### विनिर्माण आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा

- **प्रशिक्षण आधारित प्रतिपूर्ति**
  कौशल विकास के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति सहायता अधिकतम 25 कर्मचारियों के लिए प्रति नए कर्मचारी प्रति वर्ष 13,000 रुपये की दर से 3 वर्षों के लिए प्रदान की जायेगी।
- **रोज़गार सृजन सहायता**
  प्रति कर्मचारी 5000 रुपये की सहायता, अधिकतम 3 वर्ष और 25 कर्मचारियों के लिए प्रदाय।

### विद्युत टैरिफ हेतु प्रतिपूर्ति विद्युत शुल्क में छूट

2 रुपये प्रति यूनिट की प्रतिपूर्ति एवं शुल्क में छूट 3 वर्ष के लिए।

मध्यप्रदेश नई स्टार्टअप नीति-2025 में स्टार्टअप तंत्र से जुड़े सभी पक्षों को सबल और सुचारू किये जाने का प्रयास है। इससे स्टार्टअप को आधारभूत सहयोग से लेकर बाजार पहुँच तक का संबल मिलेगा। नवचारों के साथ प्रदेश में स्टार्टअप की संभावनाएं विकसित होंगी। आने वाले समय में मध्यप्रदेश स्टार्टअप हब के रूप में उभरेगा। जो प्रदेश की समृद्धि को नई ऊंचाईयां प्रदान करेगा। इस नीति में स्टार्टअप की आवश्यकता अनुसार विविध चरणों में सहायता का प्रावधान है। इन चरणों में स्टार्टअप आईडीएशन वेलीडेशन, अर्ली स्टेज तथा ग्रोथ शामिल है। इससे स्टार्टअप सशक्त होने के साथ नवाचार के लिये सक्रिय होंगे।

**- हितेश शर्मा**
**(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)**




**प्राप्त निवेश, ऋण पर सहायता**

सेबी, आरबीआई पंजीकृत संस्थान, राज्य, केंद्र सरकार की योजना से प्राप्त प्रति निवेश, ऋण (अनुदान को छोड़कर) पर 18 प्रतिशत की दर से अधिकतम 18 लाख रुपये प्रदाय करना। स्टार्टअप के जीवनकाल के दौरान अधिकतम 4 बार (कुल 72 लाख रुपये तक)।

### बाजार तक पहुंच और मेंटरिंग

**मध्यप्रदेश स्टार्टअप एक्सेलरेशन कार्यक्रम**

इक्यूबेटर्स के माध्यम से न्यूनतम 12 सप्ताह का एक्सेलेरेशन कार्यक्रम।

प्रत्येक कार्यक्रम हेतु चयनित इनक्यूबेटर को अधिकतम 15 लाख रुपये की सहायता।

- **ग्रैंड चैलेंज और हैकाथॉन**
  प्रति स्टार्टअप 1 करोड़ रुपये तक का अनुदान, अधिकतम 4 स्टार्टअप।
  हैकाथॉन के लिए प्रति समाधान 5 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जायेगी।

### संस्थागत सहयोग

- **राज्य स्तरीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद**
  राज्य के स्टार्टअप ईकोसिस्टम को जीवंत और सुदृढ बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने हेतु मार्गदर्शन देने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सलाहकार परिषद का गठन।

**समर्पित हेल्पलाइन पोर्टल**

- इसमें मोबाइल ऐप, चैटबॉट, ऑनलाइन ट्रैकिंग, पोर्टल के माध्यम से वित्तीय सहायता, हेल्पलाइन शामिल हैं।

# मध्यप्रदेश ने कृषि क्षेत्र में किए कई नवाचार - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में नेशनल डिफेंस कॉलेज की ओर से मध्यप्रदेश आए अध्ययन यात्रा दल को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की उर्वर धरा में खेती-किसानी लाभ का व्यवसाय है। हमने इसी दिशा में काम किया। नई कृषि विधियों को अपनाया, कई नवाचार किए। यही कारण है कि आज मध्यप्रदेश कृषि विकास के मामले में पंजाब, हरियाणा और अन्य कई राज्यों से आगे निकलकर देश में अव्वल स्थान पर है। हम खेती-किसानी और किसान दोनों की समृद्धि के लिए प्रयासरत हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि एवं सहकारिता में मध्यप्रदेश में बीते दशकों में लगातार काम हुआ है। खेती के साथ-साथ सिंचाई पर भी हमने काम किया है। वित्त वर्ष 2002-03 तक मध्यप्रदेश में मात्र 7 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित थी। आज मध्यप्रदेश की 55 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को हम सिंचित क्षेत्र में लेकर आए हैं। हम किसानों को सुविधा सम्पन्न बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। अगले तीन सालों में हमारी सरकार प्रदेश के 30 लाख किसानों को न केवल सोलर पम्प देगी, वरन् उनके द्वारा उत्पादित अतिरिक्त सोलर ऊर्जा का क्रय भी करेगी। इससे किसानों को दोहरा फायदा होगा। इसके अलावा हम किसानों को मात्र 5 रुपये की राशि पर बिजली कनेक्शन भी दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ऊर्जा के मामले में भी आगे है। देश में सबसे सस्ती बिजली देने वाला प्रदेश मध्यप्रदेश है। दिल्ली मेट्रो भी मध्यप्रदेश की बिजली से चलायमान है।

मुख्यमंत्री से नेशनल डिफेंस कॉलेज (एनडीसी), नई दिल्ली द्वारा 'राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रणनीति' विषय पर आयोजित अध्ययन यात्रा के लिए मध्यप्रदेश राज्य की यात्रा के लिए आए दल ने सौजन्य भेंट की। देश के 5 मित्र देशों के प्रतिनिधि भी अध्ययन दल के साथ मध्यप्रदेश आए हैं। एनडीसी द्वारा पूरे देश के लिए ऐसे 8 अध्ययन समूह तय किए गए हैं, जिनमें से 16 सदस्यीय एक समूह मध्यप्रदेश की अध्ययन यात्रा पर है। मध्यप्रदेश आए यात्रा दल को यहां प्रदेश में 'कृषि एवं सहकारिता' अध्ययन शीर्षक दिया गया है।

अध्ययन यात्रा दल ने बीते दिनों मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों का फील्ड विजिट कर कृषि एवं सहकारिता क्षेत्र में हुई प्रगति का अध्ययन किया और देखा कि मध्यप्रदेश ने इन दोनों क्षेत्रों में बेहतरीन प्रगति हासिल की है।

# खेल चर्चा

## ओलंपिक-2028 में मुक्केबाजी को शामिल करने की मिली मंजूरी

**कोस्टा नवारिनो,** वर्ष 2028 में लॉस एंजेलिस में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी को शामिल करने का रास्ता साफ हो गया है। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी को फिर से शामिल करने की मंजूरी दी। उल्लेखनीय है कि आईओसी ने फरवरी 2022 में लॉस एंजेलिस ओलंपिक-2028 के लिए अनुमोदित प्रारंभिक खेलों की सूची में मुक्केबाजी को शामिल नहीं किया था। आईओसी ने कहा था कि लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों के खेल कार्यक्रम में मुक्केबाजी को शामिल करने के लिए राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघों को एक नए अंतर्राष्ट्रीय महासंघ के बारे में आम सहमति बनानी होगी। इसके बाद फरवरी 2025 में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति कार्यकारी बोर्ड ने 84 राष्ट्रीय महासंघों वाली संस्था विश्व मुक्केबाजी को मान्यता दी थी।

### आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

# शुभमन गिल ने तीसरी बार जीता पुरस्कार

**दुबई,** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को फरवरी माह के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए चुना है। शुभमन गिल ने तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है। शुभमन हाल ही में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा थे। टूर्नामेंट में शुभमन ने शानदार बल्लेबाजी की थी।

आईसीसी ने फरवरी माह के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए शुभमन गिल के अलावा ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को भी नामांकित किया था। शुभमन ने फरवरी माह में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। उन्होंने फरवरी माह में 5 वन-डे मुकाबले खेले हैं, इन मैचों में उन्होंने 101.50 की औसत से 406 रन बनाए हैं, इनमें दो शतक भी शामिल हैं। इस दौरान शुभमन का स्ट्राइक रेट 94.19 रहा।

फरवरी माह में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वन-डे सीरीज में शुभमन गिल का प्रदर्शन बेहद लाजवाब रहा। सीरीज के तीनों मैचों में शुभमन के बल्ले से रन निकले। उन्होंने सीरीज में शुभमन ने एक शतक और दो अर्धशतकों की मदद से 259 रन बनाए



- शुभमन गिल ने तीसरी बार जीता है आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ।
- शुभमन ने इससे पहले जनवरी 2023 और सितंबर 2023 में भी यह अवॉर्ड जीता है।
- अब तक आठ भारतीय पुरुष खिलाड़ी जीत चुके हैं आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड।

और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। शुभमन ने नागपुर में खेले गए सीरीज के पहले मैच में 87 रनों की पारी खेली, वहीं कटक में खेले गए दूसरे मैच में 60 रन बनाए। सीरीज का तीसरा मैच अहमदाबाद में खेला गया, जिसमें शुभमन ने 102 गेंदों में 112 रनों की पारी खेली। इस पारी के दौरान शुभमन ने 14 चौके और तीन छक्के लगाए।

शुभमन गिल ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भी शानदार प्रदर्शन किया और भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए पहले लीग मुकाबले में शुभमन ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। शुभमन ने पहले मैच में नाबाद 101 रन बनाए, वहीं पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए दूसरे लीग मैच में भी 46 रनों की शानदार पारी खेली।

## भारत ने स्पेशल ओलंपिक विंटर गेम्स में जीते 33 पदक

**तुरिन,** इटली के तुरिन में आयोजित स्पेशल ओलंपिक विंटर गेम्स में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में भारत ने 33 पदकों के साथ अपना अभियान खत्म किया। इसमें आठ स्वर्ण 18 रजत और सात कांस्य पदक शामिल हैं। स्पेशल ओलंपिक विंटर गेम्स में भारत ने स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग स्पर्धाओं में सर्वाधिक 10-10 पदक जीते। वहीं स्नोबोर्डिंग स्पर्धा में छह पदक अपने नाम किए। भारतीय दल ने शॉर्ट ट्रैक स्पीड ट्रैकिंग स्पर्धा में चार पदक, क्रॉस कंट्री स्कीइंग स्पर्धा में दो पदक और फ्लोरबॉल स्पर्धा में एक पदक अपने नाम किया।

## विदित गुजराती ने फ्रीस्टाइल ग्रैंडस्लेम में बनाई जगह

**नई दिल्ली,** भारत के स्टार शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती ने फ्रीस्टाइल ग्रैंडस्लैम शतरंज प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह टूर्नामेंट आठ अप्रैल से 15 अप्रैल तक फ्रांस की राजधानी पेरिस में खेला जाएगा। विदित ने प्ले इन इवेंट के फाइनल में हंगरी के ग्रैंडमास्टर रिचर्ड रैपार्ट को 1.5-0.5 से हराकर फ्रीस्टाइल ग्रैंडस्लैम के लिए क्वालिफाई किया। विदित इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं। इस टूर्नामेंट में विदित गुजराती के अलावा मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश, अर्जुन ऐरिगेसी और आर. प्रगनानंद ने भी क्वालिफाई किया है।

# न्यूकैसल यूनाइटेड ने पहली बार जीता लीग कप का खिताब

**लंदन,** इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब न्यूकैसल यूनाइटेड ने लीग कप का खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट के 70 वर्ष के इतिहास में न्यूकैसल ने पहली बार यह खिताब अपने नाम किया है। लंदन के वेंबले स्टेडियम में खेले गए लीग कप के फाइनल में न्यूकैसल ने लिवरपूल को 2-1 से हराया।

फाइनल मुकाबले के पहले हाफ में दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया। एक समय ऐसा लग रहा था कि पहला हाफ गोलरहित रहेगा, लेकिन पहला हाफ खत्म होने से ठीक पहले (45वें मिनट में) डेन बर्न ने कॉर्नर से शानदार हैडर लगाकर गोल किया और न्यूकैसल को बढ़त दिलाई। न्यूकैसल के खिलाड़ियों ने दूसरे हाफ में भी अपना प्रदर्शन बरकरार रखा और मैच पर अपना नियंत्रण बना लिया। दूसरे हाफ के 52वें मिनट में एलेक्जेंडर इसाक ने लिवरपूल के गोलकीपर काओइमहिन केलेहर को छकाते हुए शानदार फील्ड दागा। इस गोल के साथ ही न्यूकैसल यूनाइटेड मैच में 2-0 से आगे हो गया।




मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद लिवरपूल की टीम दबाव में आ गई। लिवरपूल के खिलाड़ियों ने गोल करने के लिए प्रयास तेज कर दिए। दूसरे हाफ के अतिरिक्त समय (94वें मिनट) में लिवरपूल के लिए फेडेरिको चिएसा ने गोल करने में सफल रहे, लेकिन तब तक मैच न्यूकैसल यूनाइटेड के पक्ष में चला गया था। न्यूकैसल ने यह मैच 2-1 से जीता।

- न्यूकैसल यूनाइटेड ने 70 वर्ष बाद जीता है कोई खिताब।
- इससे पहले न्यूकैसल यूनाइटेड ने वर्ष 1955 में एफए कप के रूप में प्रमुख खिताब जीता था।

## इंडिया मास्टर्स ने जीता मास्टर्स लीग का खिताब

**रायपुर,** सचिन तेंदुलकर की कप्तानी में इंडिया मास्टर्स टीम ने वेस्टइंडीज को हराकर इंटरनेशनल मास्टर्स ट्वेंटी-20 लीग का खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट के फाइनल में इंडिया मास्टर्स ने वेस्टइंडीज मास्टर्स को छह विकेट से हराया। मैच में वेस्टइंडीज मास्टर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 148 रन बनाये। इसके जवाब में इंडिया मास्टर्स ने चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## मैट रिचमैन ने जीती लॉस एंजेलिस मैराथन रेस

**लॉस एंजेलिस,** अमेरिका के लंबी दूरी के धावक मैट रिचमैन ने 40वीं लॉस एंजेलिस मैराथन रेस का खिताब जीत लिया है। रिचमैन 31 वर्षों में यह रेस जीतने वाले पहले अमेरिकी धावक हैं। इससे पहले वर्ष 1994 में अमेरिकी धावक पॉल पिलकिंगटन ने यह मैराथन जीती थी। रिचमैन ने यह रेस 2 घंटे 7 मिनट और 56 सेकेंड में पूरी की। रेस में केन्या के एथनास कियोको दूसरे तथा मोसेस कुरगाट तीसरे स्थान पर रहे।

### हॉकी पुरस्कार

# हरमनप्रीत और सविता बनीं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**नई दिल्ली,** हॉकी इंडिया वर्ष 2024 के लिए वार्षिक पुरस्कार वितरित किए। हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान





हरमनप्रीत सिंह को वर्ष 2024 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष हॉकी खिलाड़ी तथा भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पूनिया को सर्वश्रेष्ठ महिला हॉकी खिलाड़ी चुना है। दोनों खिलाड़ियों को बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार के तहत एक ट्रॉफी और 25-25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिली।

हरमनप्रीत सिंह ने लगातार दूसरी बार यह पुरस्कार जीता है। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक-2024 में कांस्य पदक जीता था, इसके अलावा वह टोक्यो ओलंपिक-2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। वहीं सविता पूनिया ने तीसरी बार यह पुरस्कार हासिल किया है। सविता ने हाल ही में अपना 300वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था।

### विश्व विजेता टीम को लाइफ टाइम पुरस्कार

समारोह में वर्ष 1975 में भारत को हॉकी विश्वकप का खिताब जीताने वाली भारतीय टीम को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। 15 मार्च 1975 को क्वालालंपुर में आयोजित हॉकी विश्वकप में अजितपाल सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने खिताब जीता था। इस विश्व विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 50 लाख रुपये दिये गए।

- अमित रोहिदास को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला।
- हार्दिक सिंह ने सर्वश्रेष्ठ मिडफिल्डर का पुरस्कार जीता।
- अराइजीत सिंह हुंडल ने सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

### इंडियन वेल्स ओपन

# सबालेंका को हराकर आंद्रीवा बनीं चैम्पियन

**इंडियन वेल्स,** रूस की 17 वर्षीय युवा टेनिस खिलाड़ी मीरा आंद्रीवा ने विश्व की नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी ऐरिना सबालेंका को हराकर इंडियन वेल्स ओपन का खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग के फाइनल में आंद्रीवा ने सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराया। यह मीरा आंद्रीवा का लगातार दूसरा डब्ल्यूटीए मास्टर्स खिताब है।

सेमीफाइनल में ईगा स्वितेक को हराने वाली आंद्रीवा ने फाइनल में भी शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि उनकी शुरुआत खराब रही। मैच के पहले सेट में सबालेंका ने जबरदस्त खेल दिखाया और 6-2 से सेट जीत लिया। दूसरे सेट में आंद्रीवा ने बेहतरीन वापसी की और 6-4 से सेट अपने नाम किया। मैच का तीसरा सेट निर्णायक रहा।



तीसरे सेट में सबालेंका ने वापसी का पूरा प्रयास किया, लेकिन आंद्रीवा के शानदार खेल के सामने वे ज्यादा देर तक टिक नहीं सकीं और आंद्रीवा ने 6-3 से सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।

खिताबी जीत दर्ज करने के बाद आंद्रीवा ने कहा कि मैं अंत तक लड़ने और हमेशा खुद पर विश्वास करने पर यकीन रखती हूं। मैंने फाइनल में जीत की लय को बनाए रखने की कोशिश की। यह वाकई मुश्किल था, लेकिन मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

- सेरेना विलियम्स और मार्टिना हिंगिस के बाद यह टूर्नामेंट जीतने वाली सबसे युवा महिला खिलाड़ी हैं मीरा आंद्रीवा।
- यह आंद्रीवा के टेनिस कॅरियर का दूसरा डब्ल्यूटीए-1000 (मास्टर्स) खिताब है।
- इससे पहले आंद्रीवा ने इसी वर्ष दुबई टेनिस चैम्पियनशिप का खिताब जीता था।

### पुरुष वर्ग में ड्रेपर बने चैम्पियन

इंडियन वेल्स ओपन में पुरुष एकल वर्ग का खिताब ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने जीता। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में ड्रेपर ने डेनमार्क के होल्गर रूने को आसान मुकाबले में 6-2, 6-2 से हराया। मैच में ड्रेपर के सामने रूने लयहीन नजर आए और एक भी सेट में वह ड्रेपर को टक्कर नहीं दे सके। ड्रेपन ने दोनों सेट बड़े अंतर से अपने नाम किए। यह ड्रेपर के टेनिस कॅरियर का पहला एटीपी मास्टर्स खिताब है। वह अब तक तीन एटीपी टूर खिताब जीत चुके हैं।

इस जीत के साथ ही ड्रेपर एटीपी मास्टर्स-1000 खिताब जीतने वाले पांचवें ब्रिटिश खिलाड़ी बन गए हैं। इस जीत के साथ ड्रेपर एटीपी पुरुष एकल रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं।

## लैंडो नॉरिस ने जीती वर्ष की पहली फॉर्मूला-वन रेस

**मेलबर्न,** ब्रिटेन के युवा कार रेसर लैंडो नॉरिस ने वर्ष की पहली फॉर्मूला-वन रेस जीत ली है। नॉरिस ने कड़े मुकाबले में मौजूद फॉर्मूला-वन विश्व चैम्पियन और रेडबुल टीम के रेसर मैक्स वर्स्टपिन को हराया। मैक्लेरेन टीम के लिए रेसिंग करने वाले नॉरिस ने 57 लैप की इस रेस को एक घंटा 42 मिनट 06.304 सेकेंड में पूरा किया। रेस में मैक्स वर्स्टपिन दूसरे, जॉर्ज रसेल तीसरे, एंड्रीया किमि एंटोनेली चौथे तथा एलेक्जेंडर एल्बोन पांचवें स्थान पर रहे। यह नॉरिस के फॉर्मूला-वन कॅरियर की पांचवीं जीत है, उन्होंने पहली बार ऑस्ट्रेलियन ग्रांप्री का खिताब जीता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

## सामयिकी

### हिंद प्रशांत क्षेत्र में न्यूजीलैंड भी बनेगा सशक्त साझीदार

भारत और न्यूजीलैंड ने रक्षा साझीदारी को सशक्त बनाने के एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए। साथ ही न्यूजीलैंड के हिंद प्रशांत महासागरीय पहल में शामिल होने, दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने और पेशेवरों एवं कुशल कामगारों के लिए आसान आवाजाही की व्यवस्था बनाने का ऐलान किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये फैसले लिए गए। लक्सन पांच दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे।

### संसद में अप्रवासन और विदेशी विधेयक पेश

लोकसभा में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने अप्रवासन और विदेशी विधेयक 2025 पेश किया। गृह राज्य मंत्री ने कहा, वर्तमान में भी विदेशियों के बारे में सूचना प्रदान करना अनिवार्य है। अभी तक यह आदेश के तौर पर है, लेकिन अब इसको लेकर प्रावधान बनाया गया है। वीजा नियमों का उल्लंघन करने पर विदेशी नागरिक को 3 वर्ष तक की जेल हो सकती है, साथ ही 3 लाख रुपये तक जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

### जलवायु फंड (जेईटीपी) डील से बाहर निकला अमेरिका

बीती डेढ़ सदियों में बड़ी मात्रा में धरती को गर्म करने वाली गैसें छोड़ने वाले अमेरिका ने जस्ट एनर्जी ट्रांजिशन पार्टनरशिप से पल्ला झाड़ लिया है। पार्टनरशिप विकासशील देशों की मदद के लिए हुई थी। एक के बाद एक अंतर्राष्ट्रीय संधियों और वचनबद्धाताओं से पल्ला झाड़ रहा अमेरिका अब जस्ट एनर्जी ट्रांजिशन पार्टनरशिप (जेईटीपी) से अलग हो गया है। इस पहल की मदद से विकास कर रहे देशों को जीवाश्म ईंधन से स्वच्छ ऊर्जा की तरफ ले जाने के लिए अरबों डॉलर का फंड बनाया गया था। पार्टनरशिप में शामिल फ्रांस, जर्मनी, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, नीदरलैंड और डेनमार्क ने अब भी इसे जारी रखने का एलान किया है। ज्ञात रहे कि अमेरिका के जेईटीपी से बाहर होने का असर दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया समेत कई देशों पर पड़ेगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पॉडकास्ट में लेक्स फ्रिडमैन के साथ की बातचीत

# जब हम शांति की बात करते हैं तो दुनिया भारत को सुनती है, इसके पीछे हमारी मजबूत सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पॉडकास्ट में लेक्स फ्रिडमैन के साथ विभिन्न विषयों पर बातचीत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में धार्मिक परंपराएं दैनिक जीवन से गहराई से जुड़ी हुई हैं। उपवास केवल भोजन से परहेज करने के बारे में नहीं है, इसमें तैयारी और विषहरण की एक वैज्ञानिक प्रक्रिया शामिल है। उन्होंने कहा कि वे कई दिनों पहले आयुर्वेदिक और योग अभ्यासों का पालन करके अपने शरीर को उपवास के लिए तैयार करते हैं और इस अवधि के दौरान जलयोजन के महत्व पर बल देते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने प्रारंभिक जीवन के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि वड़नगर बौद्ध शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र था, जिसने चीनी दार्शनिक ह्वेनसांग जैसी हस्तियों को आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि यह शहर 1400 के दशक के आसपास एक प्रमुख बौद्ध शिक्षा का केंद्र भी था। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनके गांव में एक अनूठा वातावरण था, जहां बौद्ध, जैन और हिंदू परंपराएं सामंजस्यपूर्ण रूप से सह-अस्तित्व में थीं। उन्होंने कहा कि इतिहास केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, क्योंकि वड़नगर में हर पत्थर और दीवार एक कहानी कहती है। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने बड़े पैमाने पर उत्खनन परियोजनाएं शुरू कीं, जिसमें 2,800 साल पुराने साक्ष्य सामने आए, जो शहर के निरंतर अस्तित्व को सिद्ध करते हैं। उन्होंने ऐसे ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान पर जन्म लेने के लिए आभार व्यक्त किया तथा इसे अपना सौभाग्य माना।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पॉडकास्ट में लेक्स फ्रिडमैन के साथ विभिन्न विषयों पर बातचीत करते हुए।

#### चुनौतियां जीवन का हिस्सा हैं

श्री मोदी ने युवाओं को धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि चुनौतियां जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें किसी के उद्देश्य को परिभाषित नहीं करना चाहिए। कठिनाइयां धीरज की परीक्षा होती हैं, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों को पराजित करने के बजाय उन्हें मजबूत बनाना होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संकट विकास और सुधार का अवसर प्रस्तुत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन में कोई शॉर्टकट नहीं है। उन्होंने सफलता प्राप्त करने में धैर्य और दृढ़ता के महत्व पर बल दिया।

श्री मोदी ने कहा कि वे अक्सर स्थानीय पुस्तकालय जाते थे, जहां स्वामी विवेकानंद और छत्रपति शिवाजी महाराज जैसी हस्तियों के बारे में पुस्तकों से उन्हें प्रेरणा मिलती थी। इससे उनके जीवन को भी इसी तरह आकार देने की इच्छा जागृत हुई, जिससे उन्हें अपनी शारीरिक सीमाओं के साथ प्रयोग करने की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि सच्चा संतोष दूसरों को देने और उनकी सेवा करने से आता है। प्रधानमंत्री ने भगवान श्री राम की कहानियों पर प्रकाश डाला, जो पूरे भारत में गूंजती हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका जन्म गुजरात में हुआ था और महात्मा गांधी की तरह ही उनकी मातृभाषा गुजराती थी। उन्होंने कहा कि विदेश में वकील के रूप में अवसर मिलने के बावजूद गांधी जी ने अपने जीवन को भारत के लोगों की सेवा में समर्पित करने का निर्णय लिया, जो कर्तव्य और पारिवारिक मूल्यों की गहरी भावना से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि गांधी जी के सिद्धांत और कार्य आज भी हर भारतीय को प्रभावित करते हैं।

#### संस्कृति और विरासत के समर्थन में निहित

श्री मोदी ने कहा कि उनकी ताकत उनके नाम में नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों और हजारों वर्षों की संस्कृति और विरासत के समर्थन में निहित है। उन्होंने कहा, कि जब मैं किसी वैश्विक नेता से हाथ मिलाता हूं, तो वह मोदी नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीय होते हैं। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2013 में पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार घोषित किए जाने पर हुई व्यापक आलोचना को याद करते हुए कहा कि तब आलोचकों ने विदेश नीति और वैश्विक राजनीति की समझ पर सवाल उठाए थे। उन्होंने उस समय जवाब दिया, भारत न तो खुद को कमतर आंकने देगा, न ही कभी किसी को ऊंचा मानेगा।

### नौ महीने बाद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से वापस लौटे सुनीता और विल्मोर

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से सुरक्षित धरती पर वापसी हो गई है। स्पेसएक्स का ड्रैगन स्पेस फ्लोरिडा के तट पर लैंड हुआ। दोनों एस्ट्रोनॉट्स की वापसी के बाद अंतरिक्ष में उनकी नौ महीने की यात्रा खत्म हुई।




सुनीता विलियम्स, विल्मोर और दो अन्य क्रू-9 सदस्यों के साथ स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर धरती पर लौटे। उल्लेखनीय है कि सुनीता विलियम्स और विल्मोर 5 जून, 2024 को अंतरिक्ष यात्रा पर गए थे, जिनका आईएसएस पर रुकने का प्लान थोड़े समय का ही था। लेकिन कुछ समय बाद ही इंजीनियरों को स्टारलाइनर में हीलियम लीक और प्रोपल्शन सिस्टम में खराबी की जानकारी मिली और अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी असुरक्षित हो गई थी। जाहिर है कि नासा ने सुनीता की वापसी के लिए स्पेस एक्स के ड्रैगन क्रू कैप्सूल का चयन किया था। यह कैप्सूल अपने बनने के बाद से अब तक 49 बार लॉन्च हो चुका है। ड्रैगन कैप्सूल ने 44 बार इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की यात्रा की है और 29 बार रीफ्लाइट हुई है। नासा के अनुसार आईएसएस पृथ्वी की निचली कक्षा में है। इसमें रहने वालों को माइक्रोग्रैविटी का अनुभव होता है, यानी बहुत छोटा लेकिन शून्य से ज्यादा गुरुत्वाकर्षण बल, यह शरीर को कई तरह से प्रभावित करता है। यही कारण है कि अगले कुछ दिनों तक सुनीता विलियम्स और विल्मोर विशेष निगरानी में रहेंगे।

### भारत ने कहा बिल गेट्स फाउंडेशन के साथ कृषि उत्पादन बढ़ाएंगे



बिल गेट्स फाउंडेशन भारत में कृषि उत्पादन बढ़ाने में एआई के इस्तेमाल पर काम करने के लिए उत्सुक है। बिल गेट्स ने अपनी टीम के साथ पिछले दिनों केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से इस बारे में चर्चा की। कृषि मंत्री श्री चौहान ने बताया कि कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बिल गेट्स और उनकी टीम के साथ चर्चा हुई है, बिल गेट्स फाउंडेशन दुनिया के कई देशों में कृषि के क्षेत्र में, ग्रामीण विकास के क्षेत्र में, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में दुनिया की जो बेस्ट तकनीक है उसको शेयर करते हैं। भारत सरकार के साथ भी कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ मिलकर बिल फाउंडेशन पहले से ही काम कर रहा है और फिर से कौन-कौन से क्षेत्र हो सकते हैं इस पर चर्चा हुई। कृषि का क्षेत्र, ग्रामीण विकास विशेषकर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में, कृषि उत्पादन बढ़ाने के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल, मशीन लार्निंग टेक्नोलॉजी के आदान-प्रदान करने सहित कई विषयों पर चर्चा हुई है और सहमति बनी है कि अब साथ मिलकर काम करेंगे।

## वॉयस ऑफ अमेरिका वित्त पोषित समाचार एजेंसी को ट्रंप ने किया बंद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश केवल दुनिया के लिए दुखद नहीं है, बल्कि अमेरिका भी इससे पीड़ित हो रहा है। ट्रंप ने सरकार द्वारा वित्त पोषित समाचार एजेंसी वॉयस ऑफ अमेरिका को बंद करने का आदेश दिया है। ट्रंप ने समाचार एजेंसी पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया। व्हाइट हाउस के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि वॉयस ऑफ अमेरिका वर्षों से देश के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहा।

यह कट्टरपंथी अमेरिका का प्रतिनिधित्व करता है और विभाजनकारी प्रोपेगेंडा को बढ़ावा दे रहा है। ट्रंप ने सात सरकारी कार्यालयों को बंद करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें वॉयस ऑफ अमेरिका और रेडियो फ्री यूरोप, रेडियो लिबर्टी की मूल कंपनी यूनाइटेड स्टेट्स




एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया भी शामिल हैं। ट्रंप प्रशासन के एक बयान के अनुसार यह एजेंसी (वॉयस ऑफ अमेरिका) अमेरिकी करदाताओं पर बहुत बड़ा बोझ है। जिन अन्य सरकारी कार्यलयों को बंद किया गया है।

उनमें फेडरल मीडिएशन एंड कॉन्सिलेशन सर्विस, यूएस एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया, द वुडरो विल्सन इंटरनेशनल सेंटर फॉर स्कॉलर्स, द इंस्टीट्यूट ऑफ म्यूजियम एंड लाइब्रेरी सर्विस, यूएस इंटरएजेंसी काउंसिल ऑन होमलेसनेस, द कम्युनिटी डेवलपमेंट फाइनेंशियल इस्टीट्यूशस फंड और माइनॉरिटी बिजनेस डेवलपमेंट एजेंसी शामिल है।

ज्ञात रहे कि वाइस ऑफ अमेरिका प्रमुख वैश्विक समाचार पॉडकास्ट है और दुनिया भर में अपनी कार्यशैली के कारण लोकप्रिय है।

### यूक्रेन में नए सेना प्रमुख की नियुक्ति

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मेजर जनरल एंड्री ह्नातोव को लेफ्टिनेंट जनरल अनातोली बारहिलेविच की जगह यूक्रेनी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया। राष्ट्रपति की वेबसाइट पर प्रकाशित आदेशों में बारहिलेविच को बर्खास्त करने और ह्नातोव को नियुक्त करने के कारणों को स्पष्ट नहीं किया गया है। यूक्रेनी रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव ने फेसबुक पर लिखा कि सशस्त्र बलों में फेरबदल का उद्देश्य उनकी यद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाना है।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।